डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सम-दि की प्रकाशित [illegible] 12.09.2022 से 18.09.2022 | वर्ष-39 | अंक-37 | मूल्य ₹ 10.00

भारत के भाग्य विधाता हैं और विद्यार्थियों के निर्माता हैं शिक्षक - मुख्यमंत्री

सभी शालाओं में बोर्ड पैटर्न पर होंगी 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं

मध्यप्रदेश की शालाओं में अध्ययनरत बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शासकीय शालाओं के साथ शासकीय मान्यता प्राप्त सभी अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं में 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर की जाएंगी। साथ ही इन शालाओं में आंतरिक मूल्यांकन भी नियमित रूप से सुनिश्चित कराया जाएगा। बच्चों का भविष्य गढ़ने का दायित्व शिक्षकों पर है। शिक्षक बच्चों को जैसा गढ़ेंगे, वैसा ही देश और प्रदेश का निर्माण होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णु: गुरूर्देवो महेश्वर:, गुरू साक्षात्-परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:' के भाव को मैंने बचपन से आत्मसात किया है। भारत की संस्कृति 'गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागू पाय - बलिहारी गुरू आपने, गोविन्द दियो बताय' के विचार को व्यवहार में लाने वाली संस्कृति है। गुरू हमारे लिए सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन शिक्षकों का मान-सम्मान बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। विद्यार्थियों की प्रतिभा के सम्पूर्ण प्रकटीकरण का दायित्व शिक्षकों पर है। शिक्षक नौकर नहीं, बच्चों का भविष्य गढ़ने वाले गुरू हैं। उनके मार्गदर्शन और उनके द्वारा दी गई शिक्षा का ही परिणाम होता है कि व्यक्ति, समाज के पथ प्रदर्शन में सक्षम हो जाता है।

ज्ञान और कौशल के साथ संस्कार भी दें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देना शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। संचित ज्ञान को आगे पीढ़ी को हस्तांतरित करना शिक्षक के साथ अभिभावकों का भी कर्तव्य है। कौशल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पर्याप्त प्रावधान किया गया है। विद्यार्थियों को नागरिकता के संस्कार देना सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। शिक्षक यह प्रण लें कि उनके विद्यार्थी, देश भक्त, चरित्रवान, ईमानदार, कर्तव्य परायण, दूसरों की चिंता करने वाले, बालिकाओं और महिलाओं के प्रति सम्मान रखने वाले, माता-पिता का आदर करने वाले और असहाय की सहायता करने वाले बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने की शिक्षकों की सराहना

मुख्यमंत्री ने शाला और शिक्षा प्रक्रिया को रुचिकर बनाने तथा शाला व्यवस्था में समुदाय को जोड़ने और स्कूली शिक्षा में नवाचार करने वाले शिक्षकों की सराहना की। राजगढ़ जिले के विकासखंड नरसिंहगढ़ की माध्यमिक विद्यालय गेहूंखेड़ा के श्री मोहन विश्वकर्मा, दमोह के नवीन माध्यमिक विद्यालय लिधौरा के श्री माधव पटेल, प्राथमिक शाला रघुनाथपुर राजगढ़ की श्रीमती ममता शर्मा, प्राथमिक शाला तुमड़ा नरसिंहपुर के श्री हल्केवीर पटेल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय कागदीपुरा धार के श्री सुभाष यादव और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर बालाघाट के श्री जयंत खांडव के कार्यों की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को उनकी भाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। इससे उनकी स्वाभाविक प्रतिभा प्रकट होती है। अपनी भाषा के गौरव को स्थापित करना आवश्यक है। हमें बच्चों को अंग्रेजी के भय से मुक्त करने की दिशा में भी कार्य करना है। प्रदेश में हिन्दी भाषा में मेडिकल की पढ़ाई शुरू करने की व्यवस्था की जा रही है। श्री चौहान ने नवनियुक्त शिक्षकों को सकारात्मक रहते हुए अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपके प्रयासों से ही प्रदेश शालेय शिक्षा में देश में पहले स्थान पर पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को अपना आचरण, आदर्श स्वरूप में रखना आवश्यक है। समय का पालन तथा सदा सत्य बोलने के गुणों को शिक्षकों के दिन-प्रतिदिन के आचरण में अभिव्यक्त होना चाहिए। शिक्षक, शिक्षण में नवाचार और प्रयोग करें, स्वाध्याय करें, स्वयं को बदलती तकनीक और समय के अनुरूप ढालते रहें।

चैंपियंस-90

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग

भोपाल, राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के मेधावी विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इन विद्यार्थियों की आईआईटी में प्रतिभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से 10वीं कक्षा के बाद उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए भोपाल में ही निःशुल्क आवासीय सुविधा और कोचिंग दी जाएगी।

सरकार ने निजी कोचिंग संस्थान फिटजी के साथ मिल कर 'चैंपियंस-90' पहल शुरू की है। यह संस्थान अपने सी.एस.आर. फंड से इन विद्यार्थियों को सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कोचिंग सुविधा देगा। साथ ही हर विद्यार्थी को शैक्षणिक तैयारी के लिए एक टैबलेट भी निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। यह टैबलेट कोचिंग संस्थान के शैक्षणिक सॉफ्टवेयर से जुड़ा होगा। इसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा सामग्री उपलब्ध होगी। साथ ही उन्हें अन्य जरूरी शैक्षणिक किताबें भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

योजना का लाभ देने के लिए कोचिंग संस्थान द्वारा 28 अगस्त को ली गई प्रवेश परीक्षा में कुल 90 विद्यार्थी का चयन किया गया है, जिसमें छात्र एवं छात्राओं की संख्या 45-45 है। एससी और एसटी विद्यार्थियों की संख्या भी एक निश्चित अनुपात में है। चयनित विद्यार्थियों को ए.सी. युक्त और साउंडप्रूफ स्मार्ट क्लासरूम में कोचिंग संस्थान के अनुभवी शिक्षकों द्वारा कोचिंग दी जाएगी।

योजना में कोचिंग कर रहे विद्यार्थियों को 11वीं और 12वीं की पढ़ाई भी विभाग द्वारा ही करवाई जाएगी। इन दो वर्षों में विद्यार्थी को भोपाल में ही आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा।

खास खबर

प्रधानमंत्री के प्रयास से भारत बना विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत द्वारा ब्रिटेन को पीछे कर विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए फास्ट-ट्रैक सुधारों और अभूतपूर्व आर्थिक पहल से यह संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प का परिणाम है कि भारत ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए ब्रिटेन को अर्थव्यवस्था में पीछे छोड़ दिया। कोरोना काल में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरे देश में जिस प्रकार अद्भुत कदम उठाए, नागरिकों के जीवन को सुरक्षित रखते हुए अर्थव्यवस्था को गति दी, वह अनुकरणीय है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

उमरिया जिले की योजनाओं की समीक्षा

जनता को योजनाओं का लाभ मिले तभी शासन-प्रशासन की सार्थकता

भोपाल, आम जनता योजनाओं से लाभान्वित होने के साथ प्रसन्न और संतुष्ट भी रहे, तभी विभाग के कार्य पूर्ण सार्थक होंगे। उमरिया जिले ने सुदूर ग्रामीण अंचलों तक घर-घर अनाज पहुंचाने और आवासहीनों को छत देने का कार्य बखूबी किया है। इसके लिए जिले का प्रशासनिक अमला बधाई का पात्र है। अन्य योजनाओं में भी क्रियान्वयन की रफ्तार बढ़ाई जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरिया जिले में संचालित कल्याणकारी कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्चुअल समीक्षा करते हुये कहीं।

आवास योजनाओं का क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री ने उमरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना में गंभीरता से लक्ष्य अनुरूप कार्यों को पूर्ण करने की प्रशंसा की। श्री चौहान ने आवास प्लस में 8700 आवास के मुकाबले 8 हजार से अधिक आवासों की मंजूरी के लिए भी प्रशंसा की। आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री चौहान के बधाई एवं शुभकामना-पत्र भी मिले हैं। जिले में मासिक लक्ष्य तय कर कार्य किया जा रहा है। हितग्राही को आवास के लिए रेत की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही जिला स्तर पर हितग्राही को पृथक से आर्थिक सहयोग दिलवाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। श्री चौहान ने भी हितग्राहियों को सस्ती दर पर रेत दिलवाने के निर्देश पूर्व में दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि हितग्राही को आवास बनाने के लिए यदि भूमि उपलब्ध नहीं होती, तो उसके लिए भी प्रशासन सहयोग करता है। इस क्रम में साऊथ ईस्टन कोल फील्ड के बिलासपुर स्थित वरिष्ठ अधिकारियों से उनके संस्थान की भूमि पर पाली के हितग्राहियों के आवास निर्माण की पहल की गई है।

राशन वितरण की सुदृढ़ व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने उमरिया में राशन वितरण कार्य के सुचारू संचालन के लिए बधाई दी। कलेक्टर ने बताया कि 'मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार' योजना में जिले में पांच वाहनों का संचालन युवा हितग्राहियों द्वारा किया जा रहा है। सभी को समय पर अनाज प्राप्त हो जाता है। योजना शुरू होने से ग्रामवासी आनंदित और संतुष्ट हैं।

घर-घर पहुंचाएं पीने का पानी

श्री चौहान ने समूह जल प्रदाय योजना, जल जीवन मिशन और शहरी पेयजल योजना के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नौरोजाबाद और चंदिया में सुचारू जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए।

किसानों को खाद से वंचित करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर संभाग के जिलों को यूरिया आवंटन की समीक्षा करते हुये कहा कि हमारे किसानों को खाद से वंचित करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। किसानों को जिस समय खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है, उस समय खाद के लिए अफरा-तफरी मची है, यह अपराध है।

मुख्यमंत्री ने प्रभावित जिलों में यूरिया आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी किसानों को खाद की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। केंद्र सरकार से समन्वय कर राज्य के लिए पर्याप्त आवंटन सुनिश्चित किया गया है। किसान तक खाद की आपूर्ति पर कड़ी नजर रखी जाए। जरूरत के समय किसानों को खाद की कमी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री को जबलपुर संभागायुक्त ने जानकारी दी कि यूरिया खाद की आपूर्ति कृभको फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा की जानी थी। जबलपुर में 25 अगस्त को 2600 मीट्रिक टन के रैक लगे थे। कृभको निजी परिवहनकर्ता द्वारा विभिन्न जिलों में यूरिया की आपूर्ति करता है। परिवहनकर्ता द्वारा 28 से 31 अगस्त के बीच परिवहन किया गया। कृभको को बता दिया गया था कि किस जिले के किस डबल लॉक में कितना आवंटन जाना है। लेकिन बताए गए डबल लॉक के बजाय यूरिया निजी स्थानों पर सप्लाई किया गया। परिणामस्वरूप जबलपुर, मंडला, डिण्डौरी, सिवनी और दमोह में यूरिया की आपूर्ति प्रभावित हुई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

3 सितम्बर

उच्च शिक्षण संस्थान करवा सकेंगे सभी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई

● देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सभी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई की जा सकेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में एक गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार सिंगल डोमेन के संस्थान जैसे मैनेजमेंट, एजुकेशन, लॉ और इंजीनियरिंग के संस्थान मिलकर डिग्री दे सकेंगे। इसके अलावा यूजीसी ने छात्रों को मल्टीपल एंट्री-एक्जिट यानी कई बार कोर्स में प्रवेश लेने, छोड़ने और फिर से उसी कोर्स की पढ़ाई करने की छूट भी दी है। यूजीसी के अनुसार छात्र मल्टीपल मोड में क्लासरूम पढ़ाई के साथ ही डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन क्लास से कोर्स कर सकते हैं। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा कि सभी राज्य सरकारें और विश्वविद्यालय नई व्यवस्था को लागू करने के लिये अपने नियम और नीतियां तय कर लें। संस्थान चाहें तो इस व्यवस्था को मौजूदा सत्र से भी लागू कर सकते हैं।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) किसान क्रेडिट कार्ड से लेन-देन को पूरी तरह डिजिटल मोड पर लाने के लिये एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। इस प्रोजेक्ट को रिजर्व बैंक इनोवेशन हब ने तैयार किया है। आरबीआई का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में वित्तीय समावेश से जुड़ी चुनौतियों का हल निकालना है। यह प्रोजेक्ट इसी माह (सितम्बर) से शुरू होगा। इस प्रोजेक्ट में मध्यप्रदेश और तमिलनाडु के चुनिंदा जिले शामिल किये जायेंगे। आरबीआई ने एक बयान जारी कर कहा कि इस प्रोजेक्ट से जुड़े बैंकों से लेकर पेमेंट तक पूरी प्रक्रिया में कम समय लगेगा। साथ ही इसके जरिये किसान क्रेडिट कार्ड से लेन-देन तेज, सुविधाजनक और किफायती हो जायेगा।

4 सितम्बर

अंग प्रत्यारोपण के लिये अब होगा ड्रोन का उपयोग

● केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने अस्पतालों में त्वरित प्रत्यारोपण सुविधा के लिये मानव अंगों को ड्रोन के माध्यम से पहुंचाने के लिये देश के पहले प्रोटोटाइप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि प्रत्यारोपण के लिये अंगों के निर्बाध परिवहन और गति के महत्व को समझते हुये हमें जल्द ही अंगों के परिवहन के क्षेत्र में नवाचार की आवश्यकता होगी। अंग प्रत्यारोपण के लिये ड्रोन का उपयोग मील का पत्थर साबित होगा। इस नवाचार से हवाई अड्डे से अस्पताल तक प्रत्यारोपित किये जाने वाले अंग ले जाने में काफी कम समय लगेगा। अभी यह सुविधा चेन्नई स्थित एमजीएम हेल्थ केयर अस्पताल में शुरू की गई है। फिलहाल ड्रोन का इस्तेमाल मानव अंग वाले बॉक्स को 20 किलोमीटर दूर तक ले जाने में किया जा सकेगा।

● केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कहा है कि डिजिलॉकर पर उपलब्ध सीबीएसई की ऑनलाइन मार्कशीट, पासिंग और माइग्रेशन सर्टिफिकेट कानूनी रूप से मान्य होंगे। सीबीएसई ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया है कि वह इन दस्तावेजों की डिजिटल कॉपी को भी स्वीकार करें। सीबीएसई ने यूजीसी सचिव को पत्र लिखकर सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को क्यूआर कोड और डिजिटल हस्ताक्षर के साथ दस्तावेजों की डिजिटल कॉपी स्वीकार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। सीबीएसई ने कहा कि कक्षा बारहवीं की मार्कशीट और माइग्रेशन की प्रिंटेड कॉपी जल्द जारी की जायेगी, तब तक उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया के लिये डिजिलॉकर पर उपलब्ध अपने डिजिटल दस्तावेजों का उपयोग कर सकते हैं।

5 सितम्बर

यूजीसी ने शुरू की नई फैलोशिप स्कीम्स

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षण संस्थानों में शोधकार्य को बढ़ावा देने के लिये 2 रिसर्च ग्रांट और तीन फैलोशिप स्कीम को शुरू करने की घोषणा की है। यूजीसी ने कहा कि सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के लिये एक विशेष फैलोशिप स्कीम शुरू की गई है। इस योजना के तहत हर वर्ष सौ प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर को फैलोशिप दी जायेगी। इसके अलावा यूजीसी ने विश्वविद्यालयों में नियुक्त होने वाले नये शिक्षकों, पीएचडी कर चुके बेरोजगार छात्रों तथा सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिये भी फैलोशिप शुरू करने का फैसला किया है। यूजीसी ने कहा कि इन योजनाओं का फायदा देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को मिलेगा। देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की पहचान उनके रिसर्च पर काम से हो, इसी को ध्यान में रखते हुये फैलोशिप स्कीम्स शुरू की जा रही हैं।

● आयकर विभाग ने जानकारी दी कि मई माह में दो सितम्बर तक 1.55 लाख से अधिक करदाताओं ने अद्यतन (अपडेट) आयकर रिटर्न फॉर्म जमा किये हैं। अद्यतन आयकर रिटर्न भरने के लिये इस वर्ष मई में आईटीआर-यू फॉर्म अधिसूचित किया गया था। आईटीआर-यू जमा करने के दौरान करदाता को देय कर के साथ अतिरिक्त शुल्क का भुगतान भी करना होगा। आयकर विभाग ने बताया कि 20 हजार से अधिक करदाताओं ने आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिये आईटीआर-यू दाखिल किये हैं।

6 सितम्बर

देशभर में 14500 सरकारी स्कूल पीएम श्री स्कूल में अपग्रेड होंगे

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक नई पहल पीएम श्री स्कूल (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) की घोषणा की है। इस पहल के तहत देशभर में 14500 से अधिक सरकारी स्कूलों को विकसित और अपग्रेड कर पीएम श्री स्कूल में तब्दील किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम श्री मॉडल स्कूल बनेंगे जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी भावना को समाहित करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम श्री स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका होगा। इन स्कूलों में पढ़ाई के दौरान खोज उन्मुखी और सीखने पर केंद्रित शिक्षण के तरीके पर जोर दिया जायेगा। इन स्कूलों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, खेल और अन्य आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान दिया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल के तहत देश के प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक पीएम श्री स्कूल खुलेगा।

● अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में रूस के दूतावास पर एक आत्मघाती हमला हुआ। इस हमले में दो रूसी राजनयिक सहित लगभग 20 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि कई लोग घायल हुये हैं। काबुल पुलिस के प्रमुख मावलवी साबिर ने बताया कि रूसी दूतावास के बाहर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को बम विस्फोट कर उड़ा लिया। यह हमलावर दूतावास के प्रवेश द्वार से जबरदस्ती घुसने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को गोली मार दी। इसके बाद हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। रूस के विदेश मंत्रालय ने काबुल स्थित दूसावास में आत्मघाती हमले में दो राजनयिकों की मृत्यु की पुष्टि की है।

7 सितम्बर

भारत बायोटेक की नेजल वैक्सीन को मिली मंजूरी

● नेजल कोरोना वैक्सीन को भारत में इस्तेमाल करने की मंजूरी मिल गई है। भारत के दवा महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने भारत बायोटेक की इंट्रा नेजल वैक्सीन इनकोवैक सी को भारत में 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के लोगों पर इस्तेमाल करने की मंजूरी दी है। यह वैक्सीन नाक के जरिये दी जायेगी। आपात इस्तेमाल की मंजूरी पाने वाली यह भारत की पहली कोरोना रोधी नेजल वैक्सीन है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत की कोरोना के खिलाफ लड़ाई को एक नया हथियार मिला है। भारत बायोटेक ने बताया कि इस नेजल वैक्सीन का चार हजार वॉलेंटियर्स पर क्लीनिकल ट्रायल किया गया है, इनमें से किसी भी वॉलेंटियर पर कोई साइड इफेक्ट नजर नहीं आया। अगस्त 2022 में तीसरे चरण के बाद साफ हो गया था कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है।

● यूक्रेन से लौटे भारतीय मेडिकल छात्र अब किसी भी देश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। एनएमसी ने छात्रों को एनओसी देते हुये कहा कि जो भी छात्र यूक्रेन से बीच में अपनी मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर लौटे हैं, वह अब किसी भी मेडिकल कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। हालांकि आदेश में एनएमसी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह छात्र भारत में एमबीबीएस पूरा कर सकते हैं या नहीं। एनएमसी यूक्रेन के एकेडेमिक मोबिलिटी प्रोग्राम को मंजूरी दी है। इसके तहत इन छात्रों को डिग्री यूक्रेन की मूल यूनिवर्सिटी से ही मिलेगी।

8 सितम्बर

अमेरिकी संसद में भारत को काट्सा प्रतिबंधों से छूट का विधेयक पेश

● अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में भारत को काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (काट्सा) प्रतिबंधों से छूट दिलाने के लिये एक विधेयक पेश किया गया है। इस विधेयक को भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने पेश किया है। इस विधेयक में राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन से भारत को चीन जैसे आक्रामक रुख वाले देश को रोकने मदद करने के लिये काट्सा प्रतिबंधों से छूट दिलाने के लिये अपने अधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है। विधेयक के अनुसार काट्सा प्रतिबंधों में छूट दिये जाने से भारत और अमेरिका की रक्षा साझेदारी बेहतर होगी। उल्लेखनीय है कि काट्सा एक अमेरिका कानून है, जो प्रशासन को रूस से प्रमुख रक्षा उपकरण और युद्धक सामाग्री खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है। भारत ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने का सौदा किया। भारत को इस सौदे पर अमेरिकी प्रतिबंध से छूट मिल सकती है।

● भारत ने बांग्लादेश से तीन वर्ष पुराने उस समझौते को लागू करने का आग्रह किया है, जिसमें उसे पड़ोसी देशों के तटों पर निगरानी रडार का नेटवर्क स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। भारत दौरे पर आई बांग्लादेश की प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के दौरान भारत ने बांग्लादेश के समक्ष समझौते पर अमल करने का अनुरोध किया। दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारतीय पक्ष ने अधिक समुद्री सुरक्षा के लिये तटीय रडार प्रणाली उपलब्ध कराने के लिये वर्ष 2019 के एमओयू को जल्द से जल्द लागू किया जाए।

9 सितम्बर

भारत ने किया क्यूआरएसएएम मिसाइल का सफल परीक्षण

● भारत ने सतह से हवा में प्रहार करने वाली क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर (क्यूआरएसएएम) मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सेना के साथ मिलकर किये गये इस परीक्षण में मिसाइल में लगी सभी प्रौद्योगिकियों और उप प्रणालियों ने ठीक ढंग से काम किया और अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। डीआरडीओ ने कहा कि क्यूआरएसएएम मिसाइल परीक्षण के दौरान लॉन्ग रेंज मीडियम एल्टीट्यूड, हाई एल्टीट्यूड मैनुवरिंग टारगेट, लो रडार सिग्नेचर, क्रॉसिंग टारगेट्स और दो मिसाइलों को एक के बाद एक दागकर टारगेट से बचने से लेकर खत्म होने तक की समीक्षा की गई। भारत में निर्मित क्यूआरएसएएम मिसाइल एक साथ कई लक्ष्यों पर निशाना साधने में सक्षम है। यह मिसाइल प्रणाली हर मौसम में काम करने में सक्षम है।

● भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर चल रहा गतिरोध अब कम होने लगा है। दोनों देशों की सेनाएं अब पीछे हटने लगी हैं। भारत और चीन की सेनाओं ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स क्षेत्र में पेट्रोल पाइंट-15 से जवानों का हटाना शुरू हो गया है। दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर की बैठक के 16वें दौर में बनी सहमति के बाद सैनिकों ने समन्वित और योजनाबद्ध तरीके से हटना शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल-मई 2019 से पूर्वी लद्दाख में नियंत्रण रेखा के पास भारत और चीन की सेनाएं आमने-सामने हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : यूगल से साभार)

KCMST/EST/JUL22/02 APPONITMENT

BEST COLLEGE OF DAVV — Affiliated to DAVV and Higher Education

KOTHARI COLLEGE OF MANAGEMENT, SCIENCE & TECHNOLOGY

Affiliated in D.A.V.V. Indore Recognized by Department of Higher Education & Govt. of M.P.

Invites application for the Position of College Principal

Sr.	Position	No. of Post
1.	PRINCIPAL	1 Post

Qualification and experience as per UGC norms Apply within 10 days along with updated CV, date of advertisement.

Add.: Kothari College of Management Science and Technology, Indoor Greater Brijeshwari Nx.Opp. Royal Residency, Pipliyahana Square, Ring Road, Indore (M.P.) Email kotharicollege@gmail.com
Contact : 9300728836, 9329902506

R-47512/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण

में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 37 12.09.2022 से 18.09.2022

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ मनायें जन्मदिन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अमल में मध्यप्रदेश तीस लाख से अधिक हितग्राहियों के पंजीयन, 1294 करोड़ रुपये की राशि वितरण और वर्तमान वित्त वर्ष में अगस्त माह तक 2 लाख 26 हजार 306 हितग्राहियों को लाभान्वित कर देश में अव्वल है। मध्यप्रदेश लगातार चौथे वर्ष इस योजना 2021-22 के लिये राष्ट्रीय स्थान पर प्रथम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के किये गये नवाचारों और उपलब्धियों की ब्रांडिंग कर जनता तक इन कार्यों का संदेश पहुंचायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह जन्म दिवस और विवाह वर्षगांठ पर पौधा लगाने का आह्वान किया गया है, उसी तरह आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों के साथ मिष्ठान वितरण और भोजन ग्रहण करने का कार्य नागरिक बंधु कर सकते हैं। इसके लिये विभाग द्वारा भी प्रयास किये जायें। बैठक में एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री की पहल पर आंगनवाड़ी केंद्रों के लिये प्रदेश में खिलौने, अन्य सामग्री सहित 25 करोड़ रुपये का जनसहयोग मिला है। अधोसंरचना के कार्यों की पहल हुई है। आंगनवाड़ी केंद्रों के लिये आउटडोर खेल सामग्री, झूला और फिसल पट्टी का प्रदाय हुआ है। 1500 से अधिक केंद्र को आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में उन्नयन किया गया है। बच्चों के लिये जूते-चप्पल और स्वच्छता किट भी प्रदाय की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में प्रथम प्रसव की पात्र गर्भवती महिला और धात्री माता को पांच हजार रुपये की राशि और द्वितीय प्रसव में बालिका के जन्म पर शिशुवती माता को छह हजार रुपये की राशि दिलवाने का कार्य प्राथमिकता से किया गया है। योजना में लगभग 80 लाख आवेदनों की मंजूरी एक उपलब्धि है। इसी प्रकार कम वजन वाले बच्चों का कुपोषण कम करने के प्रयासों में भी मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे हैं। मुख्यमंत्री ने पोषण के क्षेत्र में जनसहयोग से मिल रही सफलताओं पर प्रसन्नता व्यक्त की और महिला एवं बाल विकास विभाग को अच्छे प्रयासों के लिये बधाई दी। प्रदेश में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण-2.0 में छह माह से तीन साल आयु वर्ग के तीस लाख बच्चे पूरक पोषण आहार का लाभ ले चुके हैं। इसी तरह 10 लाख 81 हजार गर्भवती और धात्री माताएं भी लाभान्वित हो चुकी हैं। प्रदेश में टेक होम राशन का लाभ 38 लाख से अधिक हितग्राही ले चुके हैं। वर्तमान में पोषण ट्रैकर पर 71 लाख 20 हजार हितग्राहियों का आधार सत्यापन भी पूरा हो चुका है। प्रदेश में 13 संयंत्रों से टेक होम राशन उत्पादन का कार्य हो रहा है। नाश्ता एवं गर्म पका हुआ भोजन ग्रामीण क्षेत्रों में 50 हजार से अधिक सांझा चूल्हा समूहों द्वारा किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में भी दो हजार से अधिक समूह यह कार्य कर रहे हैं। मंडला और डिंडोरी जिलों में सप्ताह में एक दिन मोटा अनाज दिया जा रहा है। कोदो-कुटकी आधारित नाश्ता प्रदाय व्यवस्था इन जिलों में की गई है। आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण मटका से प्राप्त अनाजों से रुचिकर पकवान तैयार कर पोषण कॉर्नर के रूप में बच्चों के लिये उपलब्ध करवाये गये हैं। प्रदेश के 85 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण कॉर्नर स्थापित हुये हैं। साथ ही पोषण वाटिकाएं भी निर्मित की गई हैं। प्रदेश में कम वजन के बच्चों का कुपोषण दूर करने, दुबलेपन और ठिगनेपन जैसे लक्षणों से बच्चों को बचाने की दिशा में मध्यप्रदेश देश के श्रेष्ठ कार्य करने वाले राज्यों में शामिल है। जहां कम वजन के बच्चों को सहायता पहुंचाने के मामले में प्रदेश राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे क्रम पर, दुबलेपन के कारण कम वजन की समस्या के समाधान के मामले में तीसरे क्रम पर और ठिगनेपन के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण की दृष्टि से राष्ट्रीय रैंकिंग में छठवें क्रम पर है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान समय-समय पर विभागों की समीक्षा करते हैं और विभागों में चल रही योजनाओं की बेहतरी के उपाय भी बताते हैं।

पूरी नींद न लेने वालों में हृदय रोग का खतरा

यदि आप पर्याप्त नींद लेते हैं तो आप में हृदय रोग का खतरा कम है। इसके विपरीत यदि आप पूरी नींद नहीं लेते हैं तो आप में हृदय रोग का खतरा ज्यादा है। एक सर्वे में पाया गया है कि जो व्यक्ति रात में पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं, उनमें स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें बढ़ जाती हैं। हाल ही में हुये एक नये अध्ययन में दावा किया गया है कि पर्याप्त नींद न पाने से लोगों में हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है, अगर हर व्यक्ति पर्याप्त नींद ले तो दस में से सात लोगों को हृदय संबंधी रोगों से बचाया जा सकता है। पेरिस स्थित फ्रेंच नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च के प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉक्टर अबू बकर ने बताया कि इन दिनों कम उम्र में ही हार्ट अटैक आना आम बात हो गई है। दरअसल खान-पान में लापरवाही के अलावा दिनचर्या में अनियमितता सहित ऐसे कई कारण हैं, जिससे कम उम्र में लोगों का दिल काफी कमजोर हो रहा है। आजकल अधिकांश लोगों को रात में सोते समय मोबाइल देखने की आदत होती है, इसके चलते नींद के घंटों में काफी कमी आ गई है। यही वजह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं। डॉक्टर अबू बकर ने कहा कि आजकल हमारी व्यस्त जीवनशैली के चलते अच्छी नींद लेने वालों की संख्या काफी कम हो गई है। नींद और हृदय रोग का पारस्परिक संबंध पाया गया है। उन्होंने कहा कि अध्ययन के दौरान उनकी टीम ने वेसलाइन स्लीप स्कोर और स्लीप स्कोर में समय के साथ परिवर्तन और हृदय रोग के बीच संबंध की जांच की। शोधकर्ताओं ने उम्र, लिंग, शराब का सेवन, व्यवसाय, धूम्रपान, बॉडी मॉस इंडेक्स, शारीरिक गतिविधि, कोलेस्ट्राल स्तर, मधुमेह और दिल का दौरा, स्ट्रोक या अचानक हृदय मृत्यु के पारिवारिक इतिहास को शामिल करके नींद के स्कोर और हार्ट अटैक संबंधित घटनाओं का विश्लेषण किया। डॉक्टर अबू बकर ने बताया कि अध्ययन में पेरिस प्रॉस्पेक्टिव स्टडी-3 के 7200 प्रतिभागियों को शामिल किया गया। इनमें 62 प्रतिशत पुरुष प्रतिभागी थे, इन सभी की औसत आयु 59.7 वर्ष थी।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

इंजीनियर्स डे | **15 सितम्बर**

विश्वेश्वरैया की याद में मनाते हैं इंजीनियर्स डे

ईंट, पत्थर, लोहे और सीमेंट की सहायता से इमारत, पुल, बांध और दीगर उपयोगी निर्माण करने वाला इंजीनियर, एक शिल्पकार के तुल्य होता है, जो एक तय प्रारूप के साथ अपनी मेधा और कल्पनाशीलता के ऐसे रूपाकार गढ़ता है जो सुदर्शन, टिकाऊ और विलक्षण होते हैं। ऐसे ही रूपाकार गढ़ने वाले इंजीनियर जब अपने विशिष्ट तकनीकी कौशल के साथ सामाजिक सरोकार को भी शामिल कर लेते हैं तो वे महान बन जाते हैं। औपनिवेशिक पराधीनता के दौर में अपनी प्रतिभा से भारत के विकास में योगदान देने वाले भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एक ऐसे ही युगदृष्टा इंजीनियर थे, जिनके अवदान को याद करते हुए देश प्रतिवर्ष उनके जन्मदिन 15 सितम्बर को इंजीनियर्स-डे (अभियन्ता दिवस) के रूप में मनाता है। एम. विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजीनियरों में से एक थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की रचना की और भारत को नया रूप दिया। उनकी दृष्टि और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनका समर्पण और उनके असाधारण अवदान ने उन्हें अतुल्य और अविस्मरणीय बना दिया। एक मेधावी इंजीनियर के साथ ही वे एक अध्येता, अन्वेषक और समय से आगे की सोचने वाले व्यक्ति थे और उनकी इसी अद्वितीय और अप्रतिम क्षमता के कारण वर्ष 1955 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान- 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। सच तो यह है कि उन्होंने इंजीनियरिंग को सामाजिक सरोकार से सम्बद्ध कर एक आदर्श गढ़ा।

कृतज्ञता ज्ञापन और योगदान के आकलन का दिन

इंजीनियर-डे (अभियन्ता दिवस) मनाने का सिलसिला भारत में 15 सितम्बर, 1968 से आरम्भ हुआ था जब देश के महान इंजीनियर, स्वप्नदृष्टा और इस पेशे को गौरव प्रदान करने वाले भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिन को हमने इंजीनियर डे के रूप में अंगीकार किया था। इस दिन समूचे देश मे राजकीय और निजी समारोह में इंजीनियर्स के अवदान को याद किया जाता है और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले इंजीनियर को सम्मानित भी किया जाता है। गत कुछ वर्षों में कोरोना संक्रमण के कारण सम्भवतः सार्वजनिक सम्मान न हुआ हो मगर वर्चुअल मीट, वेबिनार और सोशल मीडिया पर तो इंजीनियर की अमूल्य सेवाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन और उनके योगदान का आकलन किया गया। इसी दिन भारत की पहली महिला इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर तमिलनाडु की ए. ललिता और विश्व की पहली महिला इंजीनियर रोमानिया की एलिसा लियोनिडा जिमफैरिस्क्यू के अवदान को भी याद करते हैं। इंजीनियरिंग व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों यथा- भारतीय इजीनियरिंग की दक्षता को विश्वस्तरीय बनाने, कम संसाधन में अधिक उपलब्धि वाली मितव्ययितापूर्ण इंजीनियरिंग को बढ़ावा देने, विकासशील भारत में इंजीनियर की भूमिका को परिभाषित करने और बदलते समय की चुनौतियों के अनुरूप इंजीनियर के पेशे में बदलाव लाने पर भी इस दिन व्यापक विचार-विमर्श होता है।

इंजीनियरिंग शिक्षण की गुणवत्ता और क्षमता में बढ़ोत्तरी पर विमर्श जरूरी

इंजीनियरिंग विषयों के शिक्षण के गिरते स्तर और एक पेशेवर इकाई के रूप में कार्यरत इंजीनियर की क्षमता में बढ़ोत्तरी पर भी इस एक दिन गहन मंथन किया जाता है। इंजीनियरिंग विषयों के शिक्षण के गिरते स्तर से चिंतित होकर ही देश की अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की एक समिति ने पिछले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन के सुझाव सहित एक रिपोर्ट भारत सरकार के मानव संसाधन विभाग को सौंपी थी। बी.आर.

मोहन रेड्डी की अध्यक्षता वाली इस समिति ने 'तकनीकी शिक्षा के लिये लघु एवं मध्यम स्तरीय परिप्रेक्ष्य' को ध्यान में रखकर जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें नये इंजीनियरिंग कॉलेज न खोलने, प्रचलित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में और सीट न बढ़ाने और नियोजक की भूमिका निभाने वाले उद्योगों के साथ अकादमिक सम्पर्क बढ़ाने का व्यवस्थित पारिस्थितिक तंत्र (इकोसिस्टम) तैयार करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिये थे। रिपोर्ट के अनुसार मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे पारम्परिक संकायों में सीट नहीं भर पा रही हैं, जबकि कम्प्यूटर विज्ञान, मेकाट्रोनिक्स एवं एयरो स्पेस इंजीनियरिंग में स्थिति इससे काफी बेहतर है। इससे स्पष्ट होता है कि उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इनकी मांग है। ऐसे ही सुझावों को गुण-दोष के आधार पर स्वीकार कर, परिवर्तन के निर्णय जरूरी हैं जिससे इंजीनियरिंग विषयों के शिक्षण का स्तर बढ़े।

विश्वेश्वरैया ने अपनी मेधा के बूते कल्याणधर्मी विकास गढ़ा

मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने अपनी मेधा के बूते ही देश में अधोसंरचना विकास का कल्याणधर्मी स्वरूप तय किया था। विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितम्बर, 1860 को मैसूर रियासत में हुआ था। चिकबल्लापुर से इन्होंने प्रायमरी स्कूल की पढ़ाई पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए वे बेंगलुरु चले गए। वर्ष 1881 में विश्वेश्वरैया ने मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज, बेंगलुरु से बी.ए. की परीक्षा पास की। इसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। वर्ष 1883 में एल.सी.ई. और एफ.सी.ई. की परीक्षा में उन्होंने सर्वोच्च स्थान पाया था। सिन्धु नदी के पानी के सुक्खू गांव तक ब्लॉक सिस्टम से प्रदाय, बांध में पानी का प्रवाह रोकने के लिये इस्पात के दरवाजों का उपयोग और मैसूर में कृष्णराज सागर बांध के निर्माण सहित अनेक प्रतिष्ठापूर्ण निर्माण में आपका अवदान रहा। बाढ़ के दबाव को झेल सकने वाले खड़गवासला बांध का निर्माण, हैदराबाद सिटी बनाने और उस शहर के लिये बाढ़ नियंत्रण पद्धति विकसित करने और विशाखापट्टनम में समुद्र के कारण बंदरगाह के कटाव को रोकने जैसी कई उपलब्धियां उनके नाम हैं। विश्वेश्वरैया को आधुनिक मैसूर राज्य के पिता की संज्ञा भी दी जाती है। मैसूर में विभिन्न उद्योगों, पॉलिटेक्निक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सैंचुरी क्लब और स्टेट बैंक ऑफ मैसूर जैसे कई संस्थानों की स्थापना का श्रेय भी आपको है।

प्रतिष्ठित पेशे की गरिमा को परिभाषित करता है यह दिन

इंजीनियरिंग को विश्व के लगभग सभी देशों में एक गरिमापूर्ण पेशे के रूप में जाना जाता है। भारत में तो डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनने को गर्व के साथ उल्लेखित किया जाता था। वस्तुतः एक इंजीनियर अपने पेशे के कर्तव्य को निभाते हुए सामाजिक सरोकारों के अपने कर्तव्य को भी पूरा करता है अतः इसे एक अपेक्षाकृत उत्कृष्ट पेशा माना जाता है। एक अध्ययन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग बीस लाख युवा इंजीनियर बन जाते हैं। यह आंकड़े इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक, केमिकल और कम्प्यूटर साइंस को मिलाकर हैं। इंजीनियरिंग की अपेक्षाकृत नई शाखा सूचना प्रौद्योगिकी में तो भारतीय युवाओं की दिलचस्पी चरम पर है और भारत विश्व के उन गिने-चुने अग्रणी देशों में से है जहां बड़ी संख्या में आई.टी. प्रोफेशनल हैं। हमारे देश में इंजीनियर डे को इस प्रतिष्ठित पेशे के महत्व को परिभाषित करने वाले दिन के रूप में देखा जाता है।

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी नई भूमिका विकसित करनी होगी

एक पेशेवर इंजीनियर को केवल धनार्जन के लक्ष्य से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से जुड़ने की पारम्परिक भूमिका को लेकर अब पुनर्विचार करना होगा। एक युवा और सम्भावनाओं से परिपूर्ण इंजीनियर को अब सामाजिक सरोकारों से जुड़ी नई भूमिका विकसित करनी होगी।

इंजीनियर का पेशा वास्तव में एक तकनीकी पेशा है जिसमें किसी भी इंजीनियर द्वारा विभिन्न फिजिकल और केमिकल विज्ञान की अवधारणाओं और सिद्धान्तों को अपनी ब्रांच के मुताबिक विभिन्न प्रोजेक्ट या प्रोडक्ट के रूपांकन और उत्पादन में प्रयुक्त किया जाता है। इस प्रतिस्पर्धा के युग में एक सफल इंजीनियर बनने की लिए आपको अपने काम को शत-प्रतिशत अंजाम देना होगा तभी एक इंजीनियर अपने औचित्य और उपादेयता को प्रमाणित कर पायेगा। वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर गत कुछ वर्षों में कोरोना महामारी के कारण जो बड़े आर्थिक बदलाव आये हैं उसके बाद सभी औद्योगिक इकाइयों की प्राथमिकता बदली है और देश में आर्थिक आत्मनिर्भरता के विचार ने औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में देशी मशीनों, देशी प्रौद्योगिकी और घरेलू कच्चे माल के साथ उत्पादन का जो संकल्प लिया है, उसमें उद्योगपति के साथ ही काम करने वाले कामगारों और इंजीनियर जैसे तकनीशियन की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है और उन्हें अनुसंधान के क्षेत्र में भी सक्रिय होना पड़ेगा। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में इंजीनियर की भूमिका का नया भाष्य देश के सामने रखना होगा।

नौकरी नहीं एक सपने को जीता है इंजीनियर

सरकारी नौकरियों के लिए ग्यारह से पांच और निजी कम्पनियों की नौकरी के लिए आठ घण्टे वाले जुमले से कार्य अवधि का भाष्य किया जाता है मगर इंजीनियर के कार्य को इस समय सीमा में बांधना इस महान पेशे के साथ न्याय करना नहीं है। किर्लोस्कर ब्रदर्स, देवास के इरीगेशन पम्प बनाने वाली इकाई के डिजाइन प्रभाग के सेवानिवृत्त सीनियर इंजीनियर चन्द्रभूषण शुक्ला ने गत दिनों अपनी सेवानिवृत्ति के समय मीडिया से अपने विचार साझा करते हुए इस पेशे के बारे में एक अनुभूत और तथ्यपरक बात कही। उन्होंने कहा कि एक इंजीनियर होना आठ घण्टे या बारह घण्टे की नौकरी करना भर नहीं है। एक इंजीनियर होने का अर्थ एक सपने को जीना है। हम अपने संस्थान में जब एक सिंचाई पम्प को डिजाइन करते हैं तब मैं और मेरे साथ के हुनरमन्द सहकर्मी उस सिंचाई पम्प के मार्केटिंग कैटलॉग या उससे संस्थान को होने वाले मुनाफे की बात नहीं सोचते हैं। एक सिंचाई पम्प डिजाइन करते समय हम किसान के सिंचित रकबे के बढ़ने और इससे विपुल उत्पादन और किसान और उसके परिवारवालों के चेहरों पर तैरती मुस्कान को देखते हैं। सच तो यह है कि एक इंजीनियर विकासजन्य खुशहाली के सपने को जीता है।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 186/MTN/2022

No./11887/22/D-12/NIT-Maint./2022 **Bhopal, Dated : 05.09.2022**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work – Repair/ Maintenance of The Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	1504759.00
2.	Ashoknagar	2	18899462.00
3.	Balaghat	2	8251272.00
4.	Bhopal	1	7429063.00
5.	Chhindwara	2	17415289.00
6.	Dewas	4	31780952.00
7.	Datia	1	6606712.00
8.	Dhar	1	21520087.00
9.	Gwalior	1	3480551.00
10.	Guna	2	8971144.00
11.	Harda	1	3138964.00
12.	Jabalpur	2	21937686.00
13.	Khandwa	2	9492840.00
14.	Mandsaur	2	3201050.00
15.	Narmadapuram	1	8460886.00
16.	Neemuch	1	4124257.00
17.	Narsinghpur	3	38901047.00
18.	Raisen	3	26072110.00
19.	Ratlam	1	2175798.00
20.	Rewa	1	2169700.00
21.	Sagar	2	10075320.00
22.	Shivpuri	1	2391257.00
23.	Shajapur	2	12420950.00
24.	Sidhi	1	2124685.00
25.	Sheopur	1	9239155.00
26.	Singrauli	2	11639925.00
27.	Ujjain	1	13373322.00
28.	Vidisha	4	22663113.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Repair/ Maintenance of The Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	17852835.00
2.	Balaghat	3	25411466.00
3.	Chhindwara	1	3883619.00
4.	Dewas	1	23021663.00
5.	Dindori	1	11782252.00
6.	Indore	1	9478949.00
7.	Jabalpur	1	6502751.00
8.	Katni	1	10115986.00
9.	Khandwa	5	54924301.00
10.	Mandsaur	1	1245522.00
11.	Narsinghpur	1	8845390.00
12.	Narmadapuram	1	10697674.00
13.	Raisen	2	4836329.00
14.	Ratlam	1	4342040.00
15.	Shajapur	1	7645153.00
16.	Sidhi	2	6348330.00
17.	Seoni	3	25872834.00
18.	Ujjain	4	27228032.00

Table No. 3 :- Name of Work – Repair/ Maintenance of The Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	5923882.00
2.	Balaghat	1	3579959.00
3.	Chhindwara	2	19332837.00
4.	Dewas	1	19363592.00
5.	Jabalpur	1	8844560.00
6.	Jhabua	1	2548225.00
7.	Narmadapuram	3	8999713.00
8.	Narsinghpur	1	15203901.00
9.	Neemuch	1	22148642.00
10.	Sagar	1	690155.00
11.	Shahdol	1	9167288.00
12.	Shivpuri	1	3042054.00
13.	Seoni	2	15557519.00
14.	Sehore	1	2334788.00
15.	Vidisha	2	9792065.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **12.09.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
Madhyam/106206/47505/2022 **(TENDER)**

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड

कार्यालय अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, जिला-बैतूल (म.प्र.),
फैक्स नं. : 07146-278987/फोन नं. : 278987, E-mail : setrgsarni@gmail.com,
क्र. 505/0100/अधी.अभि.(प्रशि.)/अप्रेंटिस/E-21/237 **सारनी, दिनांक: 07.09.2022**

अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अंतर्गत ग्रेज्युएट/टेक्निशियन(डिप्लोमा) आई.टी.आई. अप्रेंटिस के आवेदन हेतु विस्तृत आवेदन

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड जो म.प्र. के राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी है जिसका कार्यालय मुख्य अभियंता (उत्पादन) म.प्र.पा.जन.कं.लि. सारनी, जिला-बैतूल में स्थित है, द्वारा म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिये जिन्होंने आई.टी.आई. (एन.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी.) **ट्रेड** :- फिटर, वेल्डर, विद्युतकार, मशीनिस्ट, मानचित्रकार (सिविल), टर्नर, उपकरण यांत्रिकी, डीजल मैकेनिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) से उत्तीर्ण की है तथा इंजीनियरिंग कॉलेज/पॉलीटेक्निक कॉलेज से डिग्री एवं डिप्लोमा ब्रांच मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स में उत्तीर्ण किया हो अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अंतर्गत कुल 209 रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

नोट :- 01. आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवारों के आवेदन शासन की वेबसाइट **https://apprenticeshipindia.org** के माध्यम से तथा ग्रेज्युएट/टेक्नीशियन (डिप्लोमा) उम्मीदवारों के आवेदन **http://portal.mhrdnats.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 10.10.2022** की मध्यरात्रि (11.59) तक ऑनलाइन पद्धति से स्वीकार किये जावेंगे। 02. शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तक रहेगी, जिसमें नियमानुसार स्टाईपेंड देय होगा। 03. आवेदन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु दिनांक :- 31.08.2022 को 18 वर्ष एवं अधिकत आयु 25 वर्ष होना चाहिये एवं एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस./दिव्यांग को आयु में छूट शिक्षुता नियम (संशोधित) 2015 एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा। 04. उक्त रिक्तियों की संख्या परिवर्तनशील है तथा कम्पनी को रिक्तियां भरने या ना भरने का अधिकार रहेगा। 05 एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग हेतु आरक्षण शिक्षुता नियम (संशोधित) 2015 एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा। 06. उम्मीदवार विज्ञापन का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mppgcl.mp.gov.in/careers.html** पर देख सकते हैं अथवा कार्यालय अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) म.प्र.पा.जन.कं.लि. सारनी जिला-बैतूल में कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं। 07. स.ता.वि. गृह सारणी 2x250 मेगावॉट राखड बांध विस्तारीकरण हेतु ग्राम धसेड में भू-अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के एक शिक्षित योग्य सदस्य प्रति परिवार नियोजित किए जाने वाले शिक्षुओं की भर्ती में वरीयता देना भी प्रस्तावित है।

आर-47504/2022 **अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), म.प्र.पा.ज.कं.लि., सारनी**

Estd.1994 **NAAC - A++ Accredited College**

IPS ACADEMY

INSTITUTE OF BUSINESS MANAGEMENT & RESEARCH
(Approved by AICTE, DTE & Affiliated to DAVV, Indore)
Knowledge Village, Rajendra Nagar, A.B. Road, Indore - 452012 (MP)
Ph No.: 0731 4014776

REQUIRES

PROFESSOR /ASSOCIATE PROFESSOR/ ASSISTANT PROFESSOR
(Selection Under College Code 28)

For all subjects of

MBA
(Full Time / International Business / Financial Administration/ Marketing Management)

BBA / BBA (Foreign Trade)

BBA (Hospital Admn.)

B.A. (ECO) Hons.

Email detailed CV alongwith supporting documents within 15 days of this Advertisement on facultyselection.ibmr@ipsacademy.org
Qualification & Pay Scales as per AICTE / UGC norms

Director -IBMR

Adcom

R-47511/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-64

No./11890/22/D-12/MPRRDA/2022 **Bhopal, Dated : 05.09.2022**

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Chhindwara	8	23478294.00
2.	Harda	1	3740087.00
3.	Jabalpur	1	228070.00
4.	Jhabua	1	3906044.00
5.	Guna	4	10507455.00
6.	Sehore	1	1018096.00
7.	Shajapur	3	708134.00
8.	Sagar	1	498224.00

भोपाल, मध्यप्रदेश में 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में जिलों में उद्यानिकी फसलों और उत्पादों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग की गतिविधियां मिशन मोड पर की जाएं। प्रदेश में 363 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की गई हैं। प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में 212 और राज्य योजना में 151 इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं, जो सराहनीय हैं। उद्यानिकी विभाग दीर्घकालीन लक्ष्य में पोटेटो टिशु कल्चर एवं एरोपोनिक लैब, हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी स्थापित करने और 1500 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने के कार्यों को पूरा करने के लिए प्रयास बढ़ाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में विकसित 14 लाख 28 हजार मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज क्षमता के विकास का कार्य हो चुका है। इस वर्ष 25 हजार मीट्रिक टन क्षमता वृद्धि का लक्ष्य पूरा करने पर फोकस किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के अल्पकालीन लक्ष्यों में माइक्रो इरीगेशन बढ़ाने, किसानों के खेतों पर चेनलिंक फेंसिंग, नर्सरी गौ-शालाओं के कन्वर्जेन्स से जैविक बागवानी, कृषक प्रशिक्षण, माली प्रशिक्षण और उद्यानिकी फसल क्षेत्र विस्तार के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। वित्त वर्ष के अंत तक संभाग और विकासखण्ड स्तर पर कार्यालय सह प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना और मुरैना में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ करने का कार्य भी पूर्ण किया जाए।

दस जिलों में बनेंगे ग्रीन हाउस क्लस्टर

श्री चौहान ने समीक्षा बैठक में फसलों की उत्पादकता में वृद्धि और विविधीकरण, कृषि अधोसंरचना के प्रयास, प्रमाणित जैविक उत्पादन में वृद्धि, कृषि एवं उद्यानिकी उत्पादों का मूल्य संवर्धन और अतिरिक्त रोज़गार के लिए मत्स्यपालन, रेशम पालन विकास और मधुमक्खी पालन के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस वर्ष सीहोर, ग्वालियर और मुरैना में इनक्यूबेशन सेंटर्स का भूमि-पूजन किया गया है। बैतूल जिले में शेडनेट निर्माण का क्लस्टर विकसित किया गया। प्रदेश के दस जिलों भोपाल सहित सीहोर, उज्जैन, रतलाम, नीमच, बड़वानी, खण्डवा, खरगोन जबलपुर और छिंदवाड़ा में ग्रीन हाउस क्लस्टर विकसित किए जाएंगे।

पान की खेती को प्रोत्साहन

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में किसानों को पान की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विशेष रूप से बुंदेलखण्ड अंचल में सागर और छतरपुर जिले में किसान इसके लिए आगे आए हैं। वर्ष 2021-22 में 520 हितग्राहियों को प्रति इकाई 29 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वर्तमान वित्त वर्ष में भी हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

कृषि विविधीकरण में सब्जी, पुष्प और मसाला क्षेत्र का विस्तार

प्रदेश में कृषि विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में 13 हजार 328 हेक्टेयर में क्षेत्र विस्तार का कार्य हो रहा है। फल, पौध-रोपण में आम, अमरूद, नींबू, काजू, अनार, अंगूर, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रावेरी, केला, आंवला और संतरा का उत्पादन 2 हजार से अधिक क्षेत्र में हो रहा है। सब्जी विस्तार क्षेत्र में फसल विविधीकरण का कार्य हो रहा है। इनमें टमाटर, शिमला मिर्च, खीरा, गिलकी, लौकी, भिण्डी आदि का उत्पादन लिया गया है। गतवर्ष की तुलना में सब्जी के साथ ही पुष्प क्षेत्र और मसाला क्षेत्र का विस्तार गतवर्ष की तुलना में 6.45 प्रतिशत अधिक हुआ है। प्रदेश में 137 उद्यानिकी नर्सरियों को स्व-सहायता समूहों से पीपीपी मोड पर सुदृढ़ीकरण के लिए चयनित किया गया। इससे 93 लाख 75 हजार पौधे तैयार किए गए।

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में आयुर्वेद ने महती भूमिका निभाई - वन मंत्री

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 'मानव स्वास्थ्य सुरक्षा' विषय पर आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आयुर्वेद महती भूमिका निभा रहा है। मध्यप्रदेश में वन औषधियों की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में है। यह बात वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने औषधीय पौधों के उपयोग से 'मानव स्वास्थ्य सुरक्षा' विषय पर प्रशासन अकादमी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कही। वन मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद के व्यापक इस्तेमाल से वन औषधि उत्पादक ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधारात्मक बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर आयुर्वेद ने अपनी अलग पहचान बनाई है। वन मंत्री ने बताया कि आयुर्वेद आचार्य श्री बालकृष्ण द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया है।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आयुर्वेद आचार्य श्री बालकृष्ण ने कहा कि आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ आयुर्वेद के फायदों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के समय पूरे विश्व ने आयुर्वेद के प्रभाव को देखा है।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर देश के तकरीबन 100 विषय-विशेषज्ञ और शोधकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुसंधान पेपर का प्रकाशन 'सोविनियर' का विमोचन हुआ।

डॉ. कुंवर विजय शाह ने आयुर्वेद आचार्य श्री बालकृष्ण को प्रतीक चिन्ह और शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक श्री पुष्कर सिंह ने संगोष्ठी में प्रस्तुत विषयों की जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि राज्य लघु वनोपज संघ आयुर्वेद के विकास की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

आईसीआरटी अवॉर्ड्स

मध्यप्रदेश ने हासिल किये चार गोल्ड और एक सिल्वर अवॉर्ड

भोपाल, इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवॉर्ड्स में मध्यप्रदेश ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने 4 गोल्ड और एक सिल्वर अवॉर्ड जीता है। टूरिज्म बोर्ड के अंतर्गत संचालित रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म परियोजनाओं में ग्रामीण पर्यटन परियोजना, महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना, रिस्पॉन्सिबल सोवेनियर डेवलपमेंट परियोजना, प्रोजेक्ट हमसफर इत्यादि परियोजनाओं के लिए यह अवॉर्ड मिले हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला और आईसीआरटी के संस्थापक निदेशक और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पार्टनशिप के प्रवंध निदेशक (एमडी) डॉ. हेरोल्ड गुडविन के साथ विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर सुश्री ठाकुर ने कहा कि पर्यटन सशक्त विधा है जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। यह जनमानस के ज्ञानवर्धन और तनाव मुक्ति का माध्यम है। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रदेश का पर्यटन तब तक लोकप्रियता प्राप्त नहीं कर सकता जब तक शासन और स्थानीय समुदाय मिलकर कार्य नहीं करें। मध्यप्रदेश में रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जायेंगे।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को इन्क्रीज डायवर्सिटी इन टूरिज्मः हॉउ इन्क्लूजिव इज अवर इन्डस्ट्रीज, ग्रोइंग दि लोकल इकोनॉमिक बेनीफिट, कॉन्ट्रीब्यूटिंग टू कल्चरल हेरीटेज और इन्क्रीज टूरिज्म कॉन्ट्रीब्यूसन टू नेचुरल हेरीटेज एण्ड बायोडवर्सिटी कैटेगरी में गोल्ड जीता है। साथ ही एक्सेस फॉर दि डिफ्रेन्टलीएबल्ड-एज ट्रेवलर्स, इम्पलाइज एण्ड हॉलीडे मेकर्स कैटेगरी में सिल्वर अवॉर्ड अपने नाम किया। समारोह में 9 कैटेगरी में कुल 26 अवॉर्ड दिए गए।

आईसीआरटी अवॉर्ड्स रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म के क्षेत्र में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक है। इसका आयोजन प्रतिवर्ष इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (ICRT) द्वारा किया जाता है। खास बात यह है कि यह अवॉर्ड पहली बार लंदन से बाहर हो रहे हैं। समारोह में श्रीमती स्वाति उखले एवं साथी उज्जैन द्वारा मालवा के मटकी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। यह मांगलिक अवसर पर महिलाओं द्वारा ढोल की ढाप पर किया जाने वाला नृत्य है। अपर प्रबंध संचालक पर्यटन बोर्ड श्री विवेक श्रोत्रिय, डायरेक्टर (स्किल) श्री मनोज सिंह, टूर और ट्रैवल ऑपरेटर की संस्था एडीटीओआई के सदस्य मौजूद रहे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रदेश की शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बालाघाट में पुलिस जवानों के आउट ऑफ टर्न प्रमोशन समारोह में जवानों को सम्मानित करते हुये।

बालाघाट, मध्यप्रदेश शांति का टापू है। हिंसा और खून-खराबा कर प्रदेश की शांति को भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। राज्य सरकार नक्सल उन्मूलन में जान की बाजी लगाने वाले हमारे जांबाज वीर जवानों को क्रम पूर्व (आउट ऑफ टर्न) प्रमोशन देकर उनका सम्मान कर रही है। हम पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों के जज्बे को सलाम करते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट में पुलिस लाइन में जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन पाने वाले 31 जवानों को बैच लगाकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने का अद्भुत अवसर है। इन जवानों के विपरीत परिस्थितियों में कठिन परिश्रम करने से ही हमारे गांव एवं शहर सुरक्षित हैं। जब हम अपने घर पर परिवार के साथ तीज त्योहार मना रहे होते हैं, तब हमारे जवान घने जंगलों एवं पहाड़ों पर अपनी जान जोखिम में डाल कर हमारी सुरक्षा में लगे रहते हैं। इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों के परिवार की माताओं एवं बहनों की होती है। इन माताओं एवं बहनों के हौंसले से ही हमारे जवान जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों को निभाते हैं। इसके लिए प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता आपकी आभारी है।

श्री चौहान ने कहा कि अगर वीरों का सम्मान नहीं किया जायेगा, तो वीरता बांझ हो जायेगी। राज्य सरकार, प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने वाले जवानों के साथ खड़ी है। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जून माह में कान्हा पार्क आया था तो जवानों को कठिन परिस्थितियों में घने जंगलों में ड्यूटी करते देखा था। मैंने जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को भी सुना था। उसके बाद भोपाल जाकर निर्णय लिया कि नक्सल उन्मूलन में लगी हॉक फोर्स के जवानों को सातवें वेतनमान के अनुसार 70 प्रतिशत प्रोत्साहन भत्ता दिया जायेगा। हमारी सरकार नक्सल उन्मूलन अभियान में जान की बाजी लगा कर कार्य करने वाले जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दे रही है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बालाघाट जिला नक्सली गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है। हमारे पुलिस जवानों ने 93 लाख रुपये के इनामी नक्सलियों को मार गिराया है या जेल में बंद कर दिया है। हम उनका आह्वान करते हैं कि शांति को अपनायें, खून-खराबा छोड़ें और मुख्य धारा में शामिल हों। हम युद्ध करना जानते हैं तो बुद्ध के शांति के मार्ग को अपनाना भी जानते हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने बताया कि 20 जून, 2022 को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में हॉक फोर्स के जवानों ने 57 लाख रुपये के इनामी तीन हार्ड कोर नक्सलियों को मारा है। इस मुठभेड़ में शामिल 31 जवानों को आउट आफ टर्न प्रमोशन दिया जा रहा है।

बालाघाट में खुलेगा मेडिकल कॉलेज - मुख्यमंत्री

बालाघाट, शिक्षक सही मायनों में राष्ट्र के निर्माता हैं। गुरूजनों से शिक्षा प्राप्त कर बच्चे शिक्षित होते हैं और समाज के सभी क्षेत्रों में देश का नेतृत्व कर रहे हैं। शिक्षक अपने आप को शासकीय सेवक न समझें, राष्ट्र निर्माता समझ कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। बालाघाट में जल्द ही मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्रपति शिवाजी जैविक कृषि उपज मंडी बालाघाट में गुरूजन सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने जिले में विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन के प्रयासों से प्रति वर्ष शिक्षक दिवस पर किये जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष समारोह कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों को सम्मानित किया जाना निश्चित रूप से हर्ष का विषय है। आज इस कार्यक्रम से जुड़ कर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिला अनोखा जिला है, जहां बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं है। जिले में बेटों से अधिक बेटियां जन्म लेती हैं। हमें बालाघाट जिले पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की पढ़ाई के लिए अनेकों योजना चला रही है। खास कर निर्धन वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे लाने सरकार उनकी उच्च शिक्षा के लिए फीस का इंतजाम भी कर रही है। उन्होंने जिले के लिए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट के कालीपुतली चौक पर 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित कुशाभाऊ ठाकरे सहकार भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने सहकारिता भवन का नाम कुशाभाऊ ठाकरे रखने पर प्रसन्नता जाहिर की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सहकारिता के वट वृक्ष थे। उन्होंने कहा कि सहकारिता की भावना से ही आगे बढ़ते चले, किसान को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि के लिए कर्ज जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना चल रही है। किसानों को जब भी जरूरत पड़ेगी, तो राज्य सरकार सहकारिता के माध्यम से कार्य करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

अकादमी में प्रकाशन के लिये उर्दू पांडुलिपियां 30 सितम्बर तक आमंत्रित

भोपाल, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करती है। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि वर्ष 2022-23 में उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता के इच्छुक मध्यप्रदेश के साहित्यकारों और शायरों से उनकी उर्दू पांडुलिपियां 30 सितम्बर, 2022 तक मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूजी, संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड भोपाल में जमा करने को कहा गया है।

उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिये प्रस्तुत की जाने वाली पांडुलिपियों के साहित्यकार और शायरों को मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। अकादमी के नियम अनुसार ऐसी ही साहित्यकारों और शायरों की पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता दी जायेगी, जिनके लिये पिछले 10 वर्षों में कोई आर्थिक सहायता न दी गई हो। उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशनार्थ आर्थिक सहायता देने के लिये बनाई गई कमेटी का निर्णय अंतिम माना जायेगा।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये तीन योजनाओं की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्व-रोज़गार के और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए 3 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें भगवान बिरसा मुण्डा स्व-रोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना शामिल है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये निर्णय इस प्रकार हैं-

- भगवान बिरसा मुण्डा स्व-रोज़गार योजना में विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख से 50 लाख रुपये तक तथा सेवा एवं व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत की जायेंगी। योजना का लाभ लेने वाले परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- योजना में हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित एवं शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) निगम द्वारा वहन किया जायेगा।
- टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में ऐसे अनुसूचित जनजाति के सदस्य, जो आयकरदाता नहीं हो, जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, उन्हें सभी प्रकार की स्व-रोज़गार गतिविधियों के लिए 10 हजार से एक लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिये बैंकों से ऋण दिलवाकर हितग्राही को 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 5 वर्षों के लिये दिया जायेगा।
- मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना में मुख्यतः अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को लाभान्वित करने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, ऊर्जा, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार, आयुष और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आदि से अथवा जिला कलेक्टर से प्राप्त होने वाले ऐसे विशेष परियोजना प्रस्ताव, जो लाइन विभागों की प्रचलित किसी भी योजना परियोजना में किया जाना संभव न हो तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए किया जाना अत्यंत उपयोगी एवं आवश्यक हो, को वित्त पोषण के लिए अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक की संपूर्ण परियोजना लागत राशि शासन द्वारा अनुदान के रूप में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य परियोजना क्रियान्वयन समिति की अनुशंसा पर प्रदान की जायेगी।
- योजना में स्व-रोज़गार, आजीविका, कौशल उन्नयन, संवर्धन एवं नवाचार संबंधी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर वित्त पोषण किया जाएगा। परियोजना में कम से कम 50 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जनजाति वर्ग के होना अनिवार्य होगा।
- मंत्रिपरिषद ने होमगार्ड जवानों के बाध्यकाल ऑफ में विसंगति समाप्त करने के लिये मध्यप्रदेश होमगार्ड नियम-2016 के नियम-27 (ग) में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया। पूर्व में प्रचलित अनुसार वर्ष 2016 एवं उसके बाद होमगार्ड सैनिक की सेवा में आए सैनिकों को 12 माह में 10 माह आहूत कर्तव्य (काल आउट ड्यूटी) का प्रावधान था। संशोधित नियमानुसार अब होमगार्ड के सभी सैनिकों को 36 माह में 34 माह आहूत (काल आउट ड्यूटी) पर लिया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने बाढ़ बचाव एवं आपदा प्रबंधन के लिये अतिरिक्त 950 स्वयंसेवी होमगार्ड सैनिकों को होमगार्ड से एसडीईआरएफ में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ करने की स्वीकृति दी।
- मंत्रिपरिषद ने राजस्व विभाग की, वार्ड क्रमांक-70 लाला लाजपत राय वार्ड, ग्राम मोहनिया, तहसील रांझी, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश स्थित भूमि परिसम्पत्ति जिसका खसरा क्रमांक 33 कुल रकबा 9600 वर्गमीटर है, के निर्वतन के लिये एच-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 3 करोड़ 51 लाख 51 हजार 515 रुपये, जो कि रिजर्व मूल्य राशि 2 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक है, का अनुमोदन करते हुए उसे विक्रय करने एवं एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध एवं रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सहकारिता विभाग की सोयाबीन प्र-संस्करण संयंत्र, चौरई जिला छिंदवाड़ा स्थित परिसम्पत्ति पर स्थापित प्लांट एवं मशीनरी को स्क्रैप के रूप में निर्वतन के लिये एच-1 निविदाकार मेसर्स एस.के. इंटरप्राइजेस की उच्चतम निविदा राशि 8 करोड़ 76 लाख 80 हजार रुपये जो कि रिजर्व मूल्य राशि 2 करोड़ 27 लाख रुपये से अधिक है, का अनुमोदन एवं एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद विक्रय अनुबंध की कार्यवाही राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ के परिसमापक संयुक्त आयुक्त सहकारिता द्वारा की जाए, का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश वैट अधिनियम 2002 में विभिन्न अपराधों के लिये न्यायालय द्वारा देने वाले दंड के स्थान पर वाणिज्यिक कर आयुक्त द्वारा शास्ति आरोपित करने तथा कर चुके मालों की परिभाषा में संशोधन करने के लिये मध्यप्रदेश वैट (संशोधन) विधेयक, 2022 को अनुमोदित किया।
- मंत्रिपरिषद ने करदाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिये इनपुट टैक्स क्रेडिट, पंजीयन निरस्तीकरण, क्रेडिट नोट, आउटवर्ड सप्लाय, इनवर्ड सप्लाय तथा विवरणी से संबंधित प्रावधानों में संशोधन करने, इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा तथा रिवर्सल के प्रावधानों का प्रतिस्थापन करने, विलंब शुल्क, कर का भुगतान, ब्याज, टीसीएस तथा वापसी से संबंधित प्रावधानों में संशोधन करने तथा कतिपय अधिसूचनाओं द्वारा भूतलक्षी प्रभाव से किये गये संशोधनों को Validate करने के लिये मध्यप्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 को अनुमोदित किया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा एक निजी विश्वविद्यालय के रूप में ज्ञानवीर विश्वविद्यालय, सागर की स्थापना तथा अध्यादेश 2022 द्वारा स्थापित टाइम्स विश्वविद्यालय भोपाल का नाम परिवर्तन कर शुभम विश्वविद्यालय भोपाल करने विधेयक पुरःस्थापित के संबंध में प्रस्तुत संशोधन विधेयक, 2022 अनुमोदित किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2022 का अनुमोदन तथा विधेयक को विधानसभा में पुरःस्थापन कर पारित कराने की सभी आवश्यक कार्यवाही करने वन विभाग को अधिकृत किया।
- मंत्रिपरिषद ने लाड़ली लक्ष्मी योजना-2.0 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश 6 मई 2022 के अनुक्रम में मध्यप्रदेश लाड़ली लक्ष्मी बालिका प्रोत्साहन (संशोधन) विधेयक-2022 की स्वीकृति दी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

इन्वेस्टर्स समिट से

प्रदेश में नए निवेश और रोज़गार लाने में मिलेगी मदद

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा है कि आगामी जनवरी माह में इंदौर में हो रही दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अनेक क्षेत्रों में नवीन निवेश के लिये उपयोगी सिद्ध होगी। समिट में इंदौर और भोपाल के मध्य नई टाउनशिप के लिए निवेश की दृष्टि से इच्छुक निवेशकों की जानकारी भी सामने आएगी। इस बारे में उद्योगपतियों से विचार-विमर्श की प्रक्रिया निरंतर जारी रखी जाए। यह समिट प्रदेश के अधिकाधिक लोगों को रोज़गार दिलवाने में महत्वपूर्ण बने, इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए दो दिवसीय बैठक की रूपरेखा, सत्रों के निर्धारण के साथ ही सहभागिता करने वाले उद्योगपतियों के वक्तव्य, विभिन्न देशों के दूतावासों की भागीदारी, प्रस्तावित पार्टनर राष्ट्रों को विधिवत आमंत्रित करने, प्रदर्शनी लगाने और समिट के पहले देश-विदेश में प्रचार संबंधी कार्यों को सुनिश्चित किया जाए। समिट में केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव और नीति आयोग के पदाधिकारी भी आमंत्रित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्टार्टअप, एमएसएमई क्षेत्र, एग्री बिजनेस और फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल गार्मेंट, फार्मा सेक्टर, टूरिज्म, ओडीओपी, लॉजिस्टिक, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस, डिफेंस, आईटी सेक्टर में कार्यरत औद्योगिक संस्थानों और नवीन निवेश के इच्छुक उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समिट के पहले प्रवासी भारतीय दिवस के लिए भी प्रतिभागियों के आमंत्रण संबंधी जानकारी प्राप्त की।

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री संजय कुमार शुक्ला ने समिट के लिए अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रतिस्थापना राष्ट्रीय महत्व का कार्य - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से चीते लाकर उन्हें बसाने का कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में इस कार्य का शुभारंभ 17 सितम्बर को करेंगे। इस कार्यक्रम को पूरी गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने निवास पर प्रधानमंत्री जी के 17 सितम्बर को श्योपुर जिले के भ्रमण के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी ले रहे थे। बताया गया कि श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रबंधन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित तकनीक के अनुसार बसाने का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के श्योपुर जिले के भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा करते हुये।

कार्यक्रम की रूपरेखा पर हुआ विमर्श

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारियों से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा में मुख्य रूप से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के प्रवेश करवाने और कराहल में स्व-सहायता समूह की बहनों के सम्मेलन का कार्यक्रम निर्धारित है। इस मौके पर विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मध्यप्रदेश के जिलों में ओडीओपी में किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति भी शामिल रहेगी। मुख्य रूप से मुरैना जिले में सरसों तेल, शिवपुरी जिले में मूंगफली तेल, चंदेरी में तैयार अंगवस्त्र, शिवपुरी में बनाए गए जैकेट, डिण्डौरी की गोंडी चित्रकला और मिलेट उत्पाद की गतिविधियों एवं इनके उत्पादन और निर्माण आदि से जुड़े कार्यों की जानकारी प्रधानमंत्री जी को दी जाएगी।

प्रदेश में संचालित होंगी कल्याणकारी गतिविधियां

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जी के जन्म-दिवस 17 सितम्बर पर श्योपुर में दो प्रमुख कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री श्री मोदी शामिल हो रहे हैं। शेष जिलों में विभिन्न विभाग जनकल्याणकारी गतिविधि कर इस अवसर को प्रसन्नता व्यक्त करने का माध्यम बनाएं। प्रदेश में 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों के सेवा कार्यों का लाभ आम जनता को मिले, इसके लिए कार्यक्रमों का स्वरूप निर्धारित कर क्रियान्वयन किया जाए। प्रधानमंत्री जी के जन्म-दिवस से प्रारंभ हो रहे अभियान के लिए विभागों के अधिकारी और मैदानी अमले को दायित्व दिए जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 1952 में भारत में चीता विलुप्त घोषित किया गया था। वर्ष 2009 में चीता पुनर्स्थापना के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के साथ अंतर्राष्ट्रीय चीता विशेषज्ञों की चर्चा हुई। वर्ष 2010 में भारतीय वन्य जीव संस्थान (वाईल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट) ने भारत में चीता पुनर्स्थापना के लिए संभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया, जिसमें 10 स्थलों में कूनो अभयारण्य जो वर्तमान में कूनो राष्ट्रीय उद्यान है, सर्वाधिक उपयुक्त पाया गया। भारत में विलुप्ति की कगार पर पहुंचे चीतों की प्रतिस्थापना के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल और गाइडलाइन के अनुसार कार्य होगा। परियोजना के एकीकृत प्रबंधन में कूनो के राष्ट्रीय उद्यान के 750 वर्ग किलोमीटर में लगभग दो दर्जन चीतों के रहवास के लिए उपयुक्तता है। इसके अतिरिक्त करीब 3 हजार वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र दो जिलों श्योपुर और शिवपुरी में चीतों के स्वच्छंद वितरण के लिए उपयुक्त हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी दो बाड़ों में चीते विमुक्त करेंगे। पहले बाड़े में दो नर चीते छोड़े जाएंगे। दूसरे बाड़े में एक मादा चीता को छोड़ा जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों के दल ने नामीबिया की चीता प्रबंधन तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

चीतों की बसाहट के लिए हुई तैयारियां

कूनो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से लगे हुए गांव में पशुओं के टीकाकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। क्षेत्र के समस्त गांव में जागरूकता शिविर लगाए गए हैं। यहां चीतों के रहवास के लिए अनुकूल परिस्थितियों का विकास किया गया है। पानी की व्यवस्था के साथ आवश्यक सिविल कार्य भी पूरे किए गए हैं। कूनो में वन्य प्राणियों का घनत्व बढ़ाने के लिए नरसिंहगढ़ से चीतल लाकर छोड़े गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार क्षेत्र में शिकार का घनत्व चीतों के लिए पर्याप्त है। नर चीते दो या दो से अधिक के समूह में साथ रहते हैं। सबसे पहले चीतों को दो-तीन सप्ताह के लिए छोटे-छोटे पृथक बाड़ों में रखा जाएगा। एक माह के बाद इन्हें बड़े बाड़ों में स्थानांतरित किया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा बड़े बाडों में चीतों के अनुकूलन संबंधी आकलन के बाद पहले नर चीतों को और उसके पश्चात मादा चीतों को खुले जंगल में छोड़ा जाएगा।

किसानों को औषधीय खेती के लिये किया जा रहा है प्रोत्साहित

भोपाल, मध्यप्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिये औषधीय खेती के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिये देवारण्य योजना शुरू की गई है। योजना में किसानों को प्रशिक्षण दिये जाने की भी व्यवस्था है। ये बातें आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने भोपाल के प्रशासन अकादमी में 'औषधीय पौधों के उपयोग से मानव स्वास्थ्य सुरक्षा' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहीं।

राज्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद का महत्व हम सभी को कोरोना महामारी के दौरान पता चला, जब एलोपैथी भी काम नहीं आई और आयुर्वेद से लोग स्वस्थ हुए। कोरोना महामारी में आयुर्वेदिक त्रिकटु चूर्ण एवं आरोग्य कसायम का उपयोग करते हुए लोगों के मनोबल को बढ़ाया और उन्हें स्वस्थ किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये औषधीय पौधों की पहचान और उसके उपयोग के बारे में जानकारी होना चाहिये। राज्यमंत्री श्री कांवरे ने कहा कि आयुर्वेद औषधियों की पैकेजिंग में और सुधार की आवश्यकता है। नई टेक्नोलॉजी से पैकेजिंग में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने निवास के परिसर में कम से कम 15 किस्म के औषधीय पौधे लगायें।

संगोष्ठी के संयोजक श्री दिलीप कुमार ने विभिन्न सत्रों की जानकारी दी। प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ श्री पुष्कर सिंह ने संगोष्ठी के तकनीकी-सत्रों के बारे में जानकारी दी। प्रमुख सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री रमेश कुमार गुप्ता मौजूद थे। तकनीकी-सत्र में आरजीपीव्ही विश्वविद्यालय की डॉ. दीप्ति जैन, केंद्रीय आयुर्वेद संस्थान मुम्बई के डॉ. आर. गोविंद रेड्डी ने हर्बल औषधि की गुणवत्ता और उसके पैरामीटर मापने की जानकारी दी। पुणे के डॉ. रविन्द्र धनेश्वर ने हर्बल औषधि के प्रमाणीकरण, दस्तावेजीकरण और मानकीकरण के बारे में बताया। मध्यप्रदेश आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य में औषधीय पौधों की बहुतायत है और जैव-विविधता से समृद्ध है। जनजातीय बहुल क्षेत्रों में इन औषधीय महत्व की वनस्पति का पारम्परिक ज्ञान रखने वाली जनजातियां निवास करती हैं। आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान एवं आयुर्वेद दवाओं के निर्माण और प्रसंस्करण के लिए भी मध्यप्रदेश ने विशिष्ट स्थान बनाया है।

उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र की भागीदारी एवं निवेश के लिए बनेगी प्रोत्साहन नीति

बेहतर संस्थागत व्यवस्था के लिये प्रोत्साहन नीति का प्रस्ताव

भोपाल, मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोज़गार उन्मुख बनाने निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बेहतर संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करने प्रोत्साहन नीति का प्रस्ताव बनाया गया है। मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद इस नीति को प्रदेश में लागू किया जाएगा। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में प्रोत्साहन नीति के संबंध में बैठक के दौरान कहीं।

डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास के सूचकांकों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय एवं सकारात्मक भागीदारी आवश्यक है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्पर्धा की भावना उत्पन्न होगी। इससे शिक्षण प्रणाली, तकनीक के प्रयोग, शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन, शिक्षक-प्रशिक्षण शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन, पाठ्यक्रम निर्माण, कौशल संवर्धन आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास की गति तीव्र होगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र की भागीदारी एवं निवेश नीति का लक्ष्य ऐसी संस्थागत व्यवस्था स्थापित करना है, जिससे उच्च शिक्षा में निजी निवेश प्रोत्साहित हों। प्रदेश में उच्च शिक्षा के अवसर सुलभता से विशेषकर अनुसूचित क्षेत्रों में उपलब्ध कराना है। इससे न सिर्फ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध परियोजनाओं का समुचित विकास सुनिश्चित होगा, बल्कि आईटी के क्षेत्र में भी बेहतर प्रयोग होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों
पर उपलब्ध

क्रिस रॉक

ऑस्कर होस्ट करने का ऑफर ठुकराया

ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में हुए विवाद के बाद क्रिस रॉक



ने 2023 में आयोजित होने वाले अवॉर्ड सेरेमनी को होस्ट करने से इंकार कर दिया। इस बात की जानकारी भी खुद क्रिस ने दी। उन्होंने एरिजोना फाइनेंशियल थियेटर में शो के दौरान यह बताया। उन्होंने बताया कि 2023 ऑस्कर को होस्ट करने के लिए ऑफर आया था लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया है।

हेनसेन ने

कद्दू की नाव से की 61 किलोमीटर यात्रा

अमेरिका के हेनसेन ने कद्दू से बनी नाव से नदी पार कर



एक रिकॉर्ड बना डाला। उन्होंने अपने 60वें जन्मदिन पर एक विशाल कद्दू को काटकर उसकी नाव बना ली और इसी नाव से बेलेव्यू के मिसौरी नदी के तट से 11 घंटे में नेब्रेस्का शहर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने 61 किलोमीटर की यात्रा तय की। इस तरह की नाव से सबसे ज्यादा दूरी तय करने का रिकॉर्ड भी उन्होंने अपने नाम कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिका के ही व्यक्ति के नाम था।

कनाडा में

एक हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

कनाडा के एक स्टॉर्टअप-ट्रांसपाड द्वारा 'फ्लक्सजेट'

नाम की ट्रेन तैयार की गई है, जो विमान और ट्रेन का हाइब्रिड वर्जन है। यह 621 मील (लगभग 1,000 किलोमीटर) प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। ट्रांसपाड ने इस ट्रेन को 'पंखों के बिना विमान' नाम दिया है। इसे ट्यूब सिस्टम के जरिए गुजारा जाएगा। यह बुलेट ट्रेन से तीन गुना ज्यादा गति से दौड़ती है, इसकी रफ्तार निजी जेट से कुछ ज्यादा मापी गयी है।

एमिरेट्स एयर लाइंस ने

अपने विज्ञापन के लिए कलहंस को चुना

आमतौर पर कंपनियां अपने ब्रांड के प्रमोशन या

टेलीविजन विज्ञापन के लिए फिल्मी हस्तियों या खिलाड़ियों को चुनती हैं, लेकिन एमिरेट्स एयर लाइंस ने इस बार कुछ हटकर प्रयोग किया है। एमिरेट्स एयर लाइंस ने अपने एड के लिए एक कलहंस को चुना है। गैरी द गूज नाम का यह कलहंस अपने साथियों की तरह उड़कर दूर देश की यात्रा करने की बजाय लग्जरी सुविधाओं वाली अवॉर्ड विनिंग एमिरेट्स एयर लाइंस में सफर करता है। लंदन के अनटोल्ड स्टूडियो में कम्प्यूटर जनरेटेड इमेजिंग के जरिए यह एड बनाया गया है।

तुर्की ने

दुनिया को दिखाए मानव रहित लड़ाकू विमान

तुर्की के काला सागर क्षेत्र में विमानन, अंतरिक्ष और

प्रौद्योगिकी महोत्सव 'टेक्नोफास्ट' का रंगारंग शुभारंभ हुआ। यह 6 दिन तक चला। महोत्सव में तुर्की ने अपने मानव रहित लड़ाकू विमान बेरेक्टर किजीलेल्मा के प्रोटोटाइप को दुनिया के सामने पेश किया। यह अपने प्रकार का दुनिया का सबसे बड़ा महोत्सव है। इसमें एफ-16, एफ-4 जैसे लड़ाकू विमानों के साथ अलग-अलग तरह के ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में 600 श्रेणियों में 40 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने आवेदन किया था।

रूस ने

यूरोप के लिए फिर बंद की प्रमुख गैस पाइप लाइन

रूस ने मरम्मत का हवाला देते हुए यूरोप को गैस आपूर्ति

करने वाली अपनी प्रमुख गैस पाइप लाइन 'नार्ड स्ट्रीम-1' को पूरी तरह से बंद कर दिया है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का सामना कर रहे रूस ने यह कदम युद्ध के 189 दिनों बाद उठाया है। रूस में सरकारी स्वामित्व वाली ऊर्जा दिग्गज 'गजप्रोम' ने कहा कि नार्ड स्ट्रीम-1 पाइप लाइन कुछ दिनों तक बंद रहेगी।

तेजस मार्क-2

विमानों को बनाने की अनुमति मिली

स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस (एलसीए मार्क-2) की

सफलता को देखते हुए सरकार ने तेजस मार्क-2 के प्रभावी मॉडल के विकास को मंजूरी दे दी है। यह विमान मिराज 2000, जगुआर और वायु सेना में मिग-29 की जगह लेगा। एलसीए मार्क-2 लड़ाकू विमान विकास परियोजना से डिजाइनरों के लिए उन्नत 17.5 टन एकल इंजन विमान विकसित करने का रास्ता खुल गया है।

मिनक्वायर्स

सिर्फ 6 घंटे दिखता है यह द्वीप

ब्रिटेन और फ्रांस के बीच स्थित मिनक्वायर्स एक

ऐसा द्वीप है, जो हर दिन ज्वार के चलते महज 6 घंटे दिखाई देता है। यहां बने कुछ मकान और पत्थर ही ऊपर दिखाई देते हैं। ज्वार उतरते ही इस द्वीप का लगभग 10 मील लंबा और 7 मील चौड़ा भाग पानी के ऊपर दिखाई देने लगता है। लंबे समय से यह द्वीप केवल ज्वार की लहरों के आधार पर दिखता है। हालांकि 100 से अधिक सालों से यह ब्रिटेन और फ्रांस के बीच झगड़े का कारण भी बना हुआ है। यह जर्सी के अधिकार क्षेत्र में है। इसे ब्रिटिश द्वीपों के स्वशासी हिस्से के रूप में गिना जाता है।

सुदर्शन पटनायक ने

रेत के लड्डुओं से बनाई गणेश प्रतिमा

सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने गणेशोत्सव के

अवसर पर ओडिशा के पुरी में बीच पर भगवान गणेश की रेत से कलाकृति तैयार की है। रेत से बनी इस कलाकृति को 3,425 सैंड लड्डू और फूलों से जोड़कर बनाया गया है। इसके बाद उन्होंने कलाकृति के नीचे हैप्पी गणेश पूजा भी लिखा। सोशल मीडिया यूजर्स इस कलाकृति को बहुत पसंद कर रहे हैं।

सऊदी अरब में

फैशन शो बना चर्चा का विषय

जिमी फैशन इंटरनेशनल ने सऊदी अरब के

रियाड में फैशन शो आयोजित किया। जिसमें 18 डिजाइनर्स ने हिस्सा लिया। डिजाइनर्स ने देश की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए मॉर्डन डिजाइन पेश किए। सऊदी डिजाइनर के अनुसार 25 अगस्त 2022 से एक सप्ताह तक यह शो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सऊदी डिजाइनर नजला अल-मंसूर ने कहा कि यह खुशी की बात कि अब हम सऊदी में आजादी से शो कर पाए। इससे पहले वर्ष 2018 में पहली बार सऊदी अरब में फैशन वीक का आयोजन किया गया था।

जेम्स वेब टेलीस्कोप

सौर मंडल से बाहर के ग्रह की सीधी तस्वीर खींची

खगोलविदों ने जेम्स वेब टेलीस्कोप से एक एक्सोप्लेनेट



(सौर मंडल के बाहर के ग्रह) की पहली सीधी तस्वीर खींची है। इस विशालकाय गैसीय ग्रह का द्रव्यमान बृहस्पति से 6 से 12 गुना ज्यादा है। एचआइपी 65426-बी नाम का यह ग्रह 150 से 200 लाख साल पुराना है। साढ़े चार अरब साल पुरानी पृथ्वी का यह ग्रह अभी 'बच्चा' है। इस ग्रह को जेम्स वेब की इन्फ्रारेड लाइट के अलग-अलग बैंड्स में देखा गया।

आईएनएस विक्रांत

देश को समर्पित हुआ

भारतीय नौसेना को दूसरा एयर क्राफ्ट कैरियर मिल

गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में आईएनएस विक्रांत को देशसेवा में समर्पित किया। पहला स्वदेशी एयर क्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत समुद्र में तैरता किला है। इसे 2009 में भारत में बनाना शुरू किया गया था। आईएनएस विक्रांत बनाने में फ्रांस के एफिल टॉवर के वजन से चार गुना ज्यादा लोहा और स्टील का उपयोग किया गया है। स्टील को डीआरडीओ ने विकसित किया है। इसका फ्लाइंग डेक दो फुटबॉल ग्राउंड के बराबर है।

आंग सान सू की

जुंटा की सैन्य अदालत ने 3 वर्ष की कठोर सजा सुनाई

म्यांमार की पूर्व स्टेट काउंसलर आंग सान सू की को

सैन्य अदालत ने वर्ष 2020 के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करने का दोषी मानते हुए तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इस चुनाव में सू की पार्टी को एकतरफा जीत मिली थी। सू को पहले ही अदालत से भ्रष्टाचार के आरोप में 17 साल की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। ज्ञात रहे कि नोबेल पुरस्कार विजेता सू की सरकार का देश के सैन्य प्रमुख के नेतृत्व में हुए विद्रोह के बाद 1 फरवरी 2021 को तख्तापलट कर दिया गया था।

राजनयिक अब्दुलाये बतिलि

लीबिया में संयुक्त राष्ट्र के नए दूत नियुक्त

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने सेनेगल के पूर्व मंत्री

और संयुक्त राष्ट्र में राजनाधिक अब्दुलाये बतिलि को लीबिया में संयुक्त राष्ट्र का नया दूत नियुक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक दिन पहले बतिलि को नामित किया था। ज्ञात रहे कि संयुक्त राष्ट्र के पिछले विशेष प्रतिनिधि जान कुबिस ने 10 महीने के कार्यकाल के बाद 23 नवंबर 2021 को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद गुटेरेस ने कई उम्मीदवारों को प्रस्ताव दिया जिसे परिषद के सदस्य देशों, लीबिया या पड़ोसी देशों द्वारा खारिज कर दिया गया था।

लक्ष्मण नरसिम्हन

स्टार बक्स के नए सीईओ घोषित

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी स्टार बक्स (कॉफी

कंपनी) ने भारतीय मूल के लक्ष्मण नरसिम्हन को अपना नया सीईओ घोषित किया है। नरसिम्हन स्टार बक्स में शुल्त्स की जगह लेंगे। 54 वर्षीय नरसिम्हन ने यूके स्थित रैकिट बेंकिजर ग्रुप के मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्य किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नरसिम्हन विश्व की सबसे बड़ी कॉफी श्रृंखला कंपनी में बतौर सीईओ कई जिम्मेदारियां निभाएंगे। फिलहाल वे रैकिट बेंकिजर ग्रुप में पिछले तीन साल से सीईओ हैं और सितंबर अंत में अपना पद छोड़ेंगे। नरसिम्हन लंदन से अमेरिका के सिएटल में स्थानांतरित होने के बाद एक अक्टूबर 2022 को भावी सीईओ बनेंगे, वे अगले साल सीईओ के तौर पर पदभार संभालेंगे।

एंड्रिया पेटकोविच

जर्मनी की प्रतिष्ठित खिलाड़ी ने संन्यास लिया

जर्मनी की एंड्रिया पेटकोविच ने यूएस ओपन में

स्विस ओलिंपिक खिलाड़ी से हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया है। पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल और फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट पेटकोविच ने पिछले सप्ताह संन्यास की घोषणा कर दी थी। हालांकि वह दोस्तों और परिवार को अपना खेल देखने का अंतिम मौका देने के लिए यूरोप के एक छोटे से कार्यक्रम में टेनिस खेलती दिखाई दे सकती हैं।

स्मृति शेष

साउथ अफ्रीका की प्रसिद्ध अभिनेत्री चार्लबी का अल्पायु में निधन

साउथ अफ्रीका की एक्ट्रेस और मॉडल चार्लबी

का 32 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया। वे न्यूयॉर्क सिटी के एक अस्पताल में लंबे समय से भर्ती थीं। 2010 में महज 20 वर्ष की उम्र में उनकी पहली फिल्म 'स्पड' ब्लॉक बस्टर रही थी। 'स्पड-2', ट्राइएंगल ऑफ सैडनेस से भी उन्हें अपार प्रसिद्धी मिली थी।

टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का निधन

टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन 54 वर्षीय साइरस

मिस्त्री का मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में निधन हो गया। अक्टूबर 2006 में टाटा संस बोर्ड में शामिल होने वाले साइरस मिस्त्री ने 2012 में टाटा ग्रुप की कमान संभाली थी, 2016 में टाटा संस के चेयरमैन पद से हट गए थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

एनीमल हस्बेंड्री एवं डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा इंट्रेंस टेस्ट (ADDET)-2022 एवं प्री. वेटरनरी एंड फिशरी टेस्ट (PV&FT)-2022 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2022 तक

ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 14 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2022 तक

एनीमल हस्बेंड्री एवं डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा इंट्रेंस टेस्ट (ADDET)-2022 ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
29 व 30 अक्टूबर 2022 शनिवार, रविवार	प्रथम	प्रातः 7:00 से 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से 11:00 बजे तक (02 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 1:00 से 2:00 बजे तक	दोपहर 02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे)

प्री. वेटरनरी एंड फिशरी टेस्ट (PV&FT)-2022 ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
29 व 30 अक्टूबर 2022 शनिवार, रविवार	प्रथम	प्रातः 7:00 से 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से 11:00 बजे तक (02 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 1:00 से 2:00 बजे तक	दोपहर 02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे)

परीक्षा शहर : भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियम पुस्तिका बोर्ड की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.peb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **परीक्षा शुल्क**

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रुपये 400/-
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रुपये 200/-
ऑनलाइन आवेदन-कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रुपये 60/-
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रुपये 20/-

विशेष निर्देश :

1. अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (verify) होने पर ही ई-आधार पहचान पत्र के रूप में मान्य होगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के साथ-साथ अपना आधार कार्ड/ई-आधार/आधार नंबर की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान आधार इन्वेल्ड बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
   अतः जिन अभ्यर्थियों ने अपना आधार नंबर लॉक करवाया है, कृपया वे अभ्यर्थी परीक्षा के पूर्ण दिवस आधार नंबर को अन-लॉक करवाना सुनिश्चित कर लें।
5. परीक्षार्थी को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थी को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, केलकुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं, अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किए प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. आवेदन पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी. द्वारा नहीं किया जाता है। अतः कंप्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibilty) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 19/2022

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन' (ईस्ट) चिनार पार्क, 1, मेन रोड नं., भोपाल-462011

फोन नं. : +91-755-2578801-02, Fax : +91-755-2550498

संचालक

म.प्र. माध्यम/106256/47507/2022

जरूरतमंदों को प्राथमिकता से दिलायें योजनाओं का लाभ

हरदा, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 'आपकी समस्या का हल-आपके घर' अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभान्वित करने में कोई कोर-कसर न छोड़ी जाये। श्री पटेल ने कहा कि हर हाल में पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें।

कृषि मंत्री ने लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, जल-संसाधन, कृषि, मंडी, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों में संचालित हो रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि 'आपकी समस्या का हल-आपके घर' अभियान में अधिकारी-कर्मचारियों के दल बना कर ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में स्थित प्रत्येक घर में भेजें जायें और लोगों से उनकी समस्याओं को जाने, समझें और पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी वनवासियों को वन अधिकार पट्टे उपलब्ध करायें।

श्री पटेल ने निर्देश दिये कि स्वामित्व योजना में नागरिकों को उनकी आवासीय भूमि के स्वामित्व का हक प्रदान करें, उन्हें स्व-रोज़गार स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण दिलाने में मदद करें। उन्होंने नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों को नहरों के आसपास की भूमि से अतिक्रमण हटाने और वायर फेंसिंग कर पौधे लगवाने के निर्देश दिये। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हरदा को निर्देशित किया कि शहर से अतिक्रमण हटायें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सभी सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल योजना का निर्माण कार्य समय-सीमा में कराने के निर्देश दिये।

श्री पटेल ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालुओं के रुकने के लिए परिक्रमा मार्ग में हर 5 किलोमीटर पर नर्मदा सेवा आश्रय स्थल बनाए जायें, जहाँ वे परिक्रमा लगाने के दौरान विश्राम कर सकें। कृषि मंत्री श्री पटेल ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्राम भैंसवाड़ा और करणपुरा में गौ-अभ्यारण के लिए जमीन चिन्हित करें।

अत्याधुनिक गौ-एम्बुलेंस सुविधा प्रदेश के सभी विकासखण्डों में होगी

छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश गौ-पालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड की कार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने छिंदवाड़ा जिले में सभी शासकीय और अशासकीय गौशाला संचालकों के साथ बैठक के दौरान बताया कि प्रदेश के सभी 313 विकासखण्डों में शीघ्र ही एक-एक अत्याधुनिक गौ-एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये केंद्र शासन से राशि मिल चुकी है और टेण्डर भी हो चुके हैं। अत्याधुनिक गौ-एम्बुलेंस से दुर्घटना में घायल अथवा बीमार गाय को त्वरित उपचार मिल सकेगा। प्रदेश में गाय के चारा व्यवस्था के लिये चरनोई भूमि भी आवंटित हो गई है। चरनोई 'भूमि विकास मिशन' का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। इस पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाकर क्रियान्वयन आरंभ होगा।

स्वामी जी ने बताया कि बैठक का सिलसिला छिंदवाड़ा से शुरू किया गया है, जो प्रदेश के सभी जिलों में होगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा प्रदेश में गायों के पालन, संरक्षण और संवर्धन के लिये दो तरह की कार्ययोजना बनाई गई हैं। जन-भागीदारी से संचालित होने वाली पहली कार्ययोजना में महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। दूसरी कार्ययोजना में गौशालाओं की अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जायेगा। उन्होंने प्रदेश के 7 करोड़ लोगों से अपील की कि वे गौ ग्रास के रूप में प्रतिदिन 10 रुपये की राशि अपनी गुल्लक में संग्रहित करें और 365 दिन पूरे होने पर यह राशि पोर्टल के माध्यम से बोर्ड के खाते में जमा करें। इस राशि से प्रदेश की गौ-शालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा।

उत्कृष्टता के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक

भोपाल, स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि शिक्षक का महत्व हमारे देश की परंपरा में सर्वोच्च एवं सर्वश्रेष्ठ रहा है। भारत का शिक्षा के क्षेत्र में अपना अलग इतिहास रहा है, दुनिया के लोग यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। शिक्षक के सम्मान को पुनः समाज में स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, समाज और शिक्षकों को एक साथ पहल करनी होगी। श्री परमार ने कहा कि विश्व के मानचित्र में वर्ष 2047 का शक्तिशाली और गौरवशाली भारत निर्माण करने का जिम्मा भी शिक्षकों पर ही है। शिक्षकों को ऐसी युवा शक्ति गढ़नी होगी, जो वर्ष 2047 का भारत गढ़ने में योगदान दें। श्री परमार ने कहा कि भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए श्रेष्ठ नागरिक निर्माण का ध्येय लेकर शिक्षकों को प्रभावी प्रेरक बनना होगा।

राज्यमंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षक से राष्ट्रपति तक का सफर करने वाले आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने कोरोनाकाल के संकट के बीच शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के कालखंड में शिक्षकों के अथक परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा ने मध्यप्रदेश को 'राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे' में देश में 17वें से 5वें पायदान पर पहुंचाया है। श्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक उत्थान एवं पारदर्शिता पूर्ण 'स्थानांतरण नीति 2023' एवं 'शिक्षक प्रशिक्षण नीति' जारी की है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दुनिया के सबसे बड़े मंथन से होकर तैयार हुई है और इसे धरातल पर उतारने का जिम्मा भी शिक्षकों पर ही है। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों के मूल्यांकन को लेकर कहा कि बिना पैमाना तय किए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया जा सकता। इसके लिए राज्य के सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं इस सत्र से बोर्ड पैटर्न पर करवाई जाएंगी।

अध्यक्ष पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल श्री भरत बैरागी ने कहा कि शिक्षक भारत भाग्य विधाता है। शिक्षक सृजन और विसर्जन दोनों करता है। शिक्षक बीज की भांति खुद को गला कर नवांकुर प्रस्फुटित करता है। शिक्षक अपने लिए नहीं जीता, शिक्षक ऋषि परंपरा का द्योतक है।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा कि बच्चों के पहले शिक्षक उनके माता-पिता होते हैं। श्रीमती शमी ने शिक्षकों के टीचर्स लर्निंग मटेरियल जैसे नवाचार एवं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता की संस्कृति के विकास की सराहना की।

'राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार- 2022' के लिए प्रदेश के 14 शिक्षक को सम्मानित किया गया। इनमें प्राथमिक श्रेणी में 8 एवं माध्यमिक श्रेणी में 6 शिक्षक शामिल हैं। प्राथमिक श्रेणी में श्रीमती ममता शर्मा, शा.प्र. शाला रघुनाथपुरा खिलचीपुर जिला राजगढ़, श्री के.के. कुल्मी शा.क.मा.वि. दशहरा मैदान उज्जैन, श्री विपिन कुमार फौजदार स.शि. शा.प्रा. शाला सलगापुर संकुल शाहपुर जिला नरसिंहपुर, श्री केशरी प्रसाद तिवारी शा. पूर्व मा.वि. मार्तण्ड रीवा, श्री अरुण कुमार पटेरिया शा.मा. शाला चिकटा जिला निवाड़ी, श्रीमती सरिता सिंह प्रा.शि. शा.प्रा. शाला बालक अनूपपुर, श्री घनश्याम प्रसाद यादव मा.शि. शा.क. प्रा. आश्रम शाला चिढ़ार मण्डला और श्री आशाराम कुशवाहा शा.प्रा. शाला मदनपुर जिला टीकमगढ़ का सम्मान किया गया।

माध्यमिक श्रेणी में श्री सुधाकर पाराशर प्राचार्य शा. सुभाष उत्कृष्ट उ.मा.वि. शिवाजी नगर भोपाल, श्री विजय कुमार श्रीवास्तव उ.मा.शि. उत्कृष्ट उ.मा.वि. विदिशा, श्री जगदीश गुजराती शा. उत्कृष्ट, उ.मा.वि. बड़वानी श्रीमती ज्योत्सना मालवीय शा. हाईस्कूल हुडा झाबुआ, श्री भूपेन्द्र कुमार चौधरी शा.उ.मा.वि. चिमनाखोरी सिवनी और सुश्री सारिका धारू, शा.उ.मा.वि. सांडिया नर्मदापुरम् का सम्मान किया गया। श्री परमार ने चयनित शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। दो अन्य शिक्षक श्री राधाकृष्णन केशरी तथा श्री योगेन्द्र कोठारी और विशेष श्रेणी में राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान जबलपुर की सुषम्मा जॉनसन को सम्मानित किया गया।

जल जीवन मिशन में साढ़े बावन लाख घरों में पहुंचा नल से जल

भोपाल, जल जीवन मिशन में अब तक प्रदेश के 52 लाख 48 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर नल से जल की सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है। प्रदेश के बुरहानपुर जिले ने शत-प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को मिशन में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर देश में प्रथम 'हर घर जल' सर्टिफाइड जिले का खिताब हासिल किया है। मिशन में हर घर जल में 5 हजार 900 से अधिक ग्रामों के शत-प्रतिशत परिवारों को पेयजल मुहैया करवाया जा चुका है।

प्रदेश के हर जिले में ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध करवाने के लिए जलप्रदाय योजनाओं पर निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। अब तक 23 हजार 400 ग्रामों की जलप्रदाय योजनाओं में हो रहे कार्यों में 4374 में 90 प्रतिशत, 2140 में 80 प्रतिशत 1651 में 70 प्रतिशत और 15235 में 60 प्रतिशत कार्य की प्रगति हासिल की जा चुकी है। जल जीवन मिशन में ग्रामीण क्षेत्र में संचालित शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी स्वच्छ जलप्रदाय के उद्देश्य से नल कनेक्शन लगाये जा रहे हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

आधुनिक इतिहास

1. 'तकाबी' किस प्रकार का ऋण था -
(अ) उद्योग हेतु कर्ज
(ब) शिक्षा
(स) कृषि कार्य हेतु अग्रिम
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) कृषि कार्य हेतु अग्रिम

2. रॉयल कमीशन का गठन किस लिए किया गया था -
(अ) कृषि सुधार
(ब) शिक्षा में सुधार
(स) सैन्य सुधार
(द) सिविल सेवा हेतु
उत्तर- (द) सिविल सेवा हेतु

3. किस कमीशन की सिफारिश पर भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम 1904 पारित किया गया था -
(अ) वुड डिस्पैच
(ब) हंटर कमीशन
(स) रैले कमीशन
(द) ली कमीशन
उत्तर- (स) रैले कमीशन

4. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की स्थापना कब की गई थी -
(अ) 1942 ई. (ब) 1945 ई.
(स) 1948 ई. (द) 1946 ई.
उत्तर- (अ) 1942 ई.

5. प्रांतों में द्वैध-शासन किस अधिनियम के तहत लाया गया था -
(अ) 1909
(ब) 1919
(स) 1935
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) 1919 का अधिनियम

6. 'ऑपरेशन पोलो' का संबंध किस घटना से है -
(अ) पाकिस्तान विभाजन
(ब) जूनागढ़ का विलय
(स) हैदराबाद का विलय
(द) कश्मीर का विलय
उत्तर- (स) हैदराबाद का विलय (भारत संघ में)

7. सरोजनी नायडू द्वारा भारतीय देशभक्ति की ज्वलंत तलवार से किसे संबोधित किया है -
(अ) राजाराम मोहन राय
(ब) लाला लाजपत राय
(स) सुभाष चंद्र बोस
(द) गांधी जी
उत्तर- (स) सुभाष चंद्र बोस

8. श्री रंगपट्टनम् की संधि किस युद्ध का परिणाम थी -
(अ) तृतीय आंग्ल - मैसूर युद्ध
(ब) प्रथम आंग्ल - मराठा युद्ध
(स) द्वितीय आंग्ल - वर्मा युद्ध
(द) प्रथम आंग्ल - सिख युद्ध
उत्तर- (अ) तृतीय आंग्ल - मैसूर युद्ध

9. द्वितीय आंग्ल - सिख युद्ध के समय ब्रिटिश गवर्नर कौन था -
(अ) कैनिंग (ब) रिपन
(स) डलहौजी (द) कर्जन
उत्तर- (स) डलहौजी

10. अफगानों के संदर्भ में लॉरेंस ने कौन-सी नीति अपनाई थी -
(अ) अकर्मण्यता की नीति
(ब) अग्रगामी नीति
(स) पश्चगामी नीति
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) अकर्मण्यता की नीति

11. बर्मा को भारत से अलग कर डोमिनियन की स्थिति कब प्रदान की गई -
(अ) 1940 (ब) 1930
(स) 1938 (द) 1935
उत्तर- (द) 1935

12. तत्वबोधिनी सभा की स्थापना किसने की थी -
(अ) राजाराम मोहन राय
(ब) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(स) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(द) महात्मा गांधी
उत्तर- (स) देवेन्द्रनाथ टैगोर

13. निम्न में से किसके द्वारा साम्राज्यवाद एवं सैन्यवाद को पूंजीवाद का जुड़वा बच्चा कहा -
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) लाला लाजपत राय
(स) सुभाष चंद्र बोस
(द) गोपाल कृष्ण गोखले
उत्तर- (ब) लाला लाजपत राय

14. 'वेटिंग फॉर अ वीजा' किसके अनुभव पर आधारित पुस्तक है -
(अ) डॉ. अंबेडकर
(ब) जवाहर लाल नेहरू
(स) जयप्रकाश नारायण
(द) जॉर्ज अरूण्डेल
उत्तर- (अ) डॉ. अंबेडकर

15. प्रथम भारतीय महिला विश्व विद्यालय की स्थापना किसने की थी -
(अ) ज्योतिबा फुले
(ब) सावित्री फुले
(स) डी.के. कर्वे
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) डी.के. कर्वे

16. किस संस्था की स्थापना बी.आर. अंबेडकर द्वारा नहीं की गई थी -
(अ) बहिस्कृत हितकारिणी सभा
(ब) समाज समता संघ
(स) इण्डिपेंडेंट लेबर पार्टी
(द) अखिल भारतीय हरिजन संघ
उत्तर- (द) अखिल भारतीय हरिजन संघ

17. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है -
(अ) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना - ए.ओ. ह्यूम
(ब) जलियांवाला बाग - जनरल डायर
(स) होमरूल आंदोलन - तिलक एवं एनीबेसेंट
(द) नेहरू रिपोर्ट - जवाहर लाल नेहरू
उत्तर- (द) नेहरू रिपोर्ट - जवाहर लाल नेहरू

18. वार्नाक्यूलर प्रेस एक्ट किस वायसराय के शासनकाल में आया था -
(अ) कैनिंग (ब) लिटन
(स) रिपन (द) कर्जन
उत्तर- (ब) लिटन

19. प्रथम कारखाना अधिनियम कब पारित किया गया था -
(अ) 1890 ई. (ब) 1881 ई.
(स) 1870 ई. (द) 1885 ई.
उत्तर- (ब) 1881 ई.

20. महात्मा गांधी द्वारा किसे पोस्ट डेटेड चेक की संज्ञा दी गई थी -
(अ) वेवल प्रस्ताव
(ब) क्रिप्स मिशन
(स) कैबीनेट मिशन
(द) शिमला प्रस्ताव
उत्तर- (ब) क्रिप्स मिशन

21. स्थाई बंदोबस्त व्यवस्था में जमींदारों हेतु राजस्व का कितना भाग तय किया गया -
(अ) 10% (ब) 89%
(स) 11% (द) 20%
उत्तर- (स) 11%

22. भारत में डाक टिकटों का प्रचलन किसके द्वारा किया गया था -
(अ) वेलिंगटन (ब) वेवेल
(स) डलहौजी (द) माउंटबेटन
उत्तर- (स) डलहौजी

23. टॉल्सटॉय फॉर्म की स्थापना कब हुई थी -
(अ) 1911 ई. (ब) 1907 ई.
(स) 1910 ई. (द) 1904 ई.
उत्तर- (स) 1910 ई.

24. कांग्रेस के किस अधिवेशन में गांधी-दास-पैक्ट को मंजूरी प्रदान की गई -
(अ) कलकत्ता अधिवेशन
(ब) फ्रेजपुर अधिवेश
(स) बेलगांव अधिवेशन
(द) बाम्बे अधिवेशन
उत्तर- (स) बेलगांव अधिवेशन

25. रानी गैडिनल्यू का संबंध है -
(अ) अहोम विद्रोह से
(ब) हो विद्रोह से
(स) हेराका आंदोलन से
(द) मुण्डा विद्रोह से
उत्तर- (स) हेराका आंदोलन से

26. गांधी इरविन समझौता कब संपन्न हुआ था -
(अ) 1931 (ब) 1933
(स) 1935 (द) 1928
उत्तर- (अ) 1931

27. न्यू लैम्प्स फॉर ओल्ड किसकी रचना है -
(अ) महात्मा गांधी
(ब) अरविंद घोष
(स) भगत सिंह
(द) वी.डी. सावरकर
उत्तर- (ब) अरविंद घोष

28. अमृत बाजार पत्रिका का संपादन किसने किया था -
(अ) हरिश्चंद्र
(ब) शिशिर कुमार घोष
(स) अरविंद घोष
(द) बाल गंगाधर तिलक
उत्तर- (ब) शिशिर कुमार घोष

29. कम्युनल अवॉर्ड की घोषणा किसके द्वारा की गई थी -
(अ) लॉर्ड इरविन
(ब) रैम्जे मैकडॉनल्ड
(स) वेलिंगटन
(द) वेवेल
उत्तर- (ब) रैम्जे मैकडॉनल्ड

30. बंगाल विभाजन के समय बंगाल का गवर्नर कौन था -
(अ) थॉमस रैले
(ब) मिंटो
(स) एण्ड्रयू फ्रेजर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) एण्ड्रयू फ्रेजर

31. श्वेत विद्रोह किस विधेयक के विरोध में हुआ था -
(अ) इलबर्ट विधेयक
(ब) वार्नाक्यूलर एक्ट
(स) प्रथम फैक्ट्री अधिनियम
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) इलबर्ट विधेयक

32. 6 सदस्यीय बोर्ड ऑफ कंट्रोल का गठन किस अधिनियम में किया गया था -
(अ) 1775 रेग्यूलेटिंग एक्ट
(ब) 1813 चार्टर एक्ट
(स) 1833 चार्टर एक्ट
(द) 1784 पिट्स इण्डिया एक्ट
उत्तर- (द) 1784 पिट्स इण्डिया एक्ट

33. फ्री इण्डियन लीजन नामक सेना का गठन किसके द्वारा किया गया था -
(अ) सुभाष चंद्र बोस
(ब) जवाहर लाल नेहरू
(स) बाल गंगाधर तिलक
(द) भगत सिंह
उत्तर- (अ) सुभाष चंद्र बोस

34. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में महात्मा गांधी अध्यक्ष चुने गए थे -
(अ) कलकत्ता
(ब) त्रिपुरी
(स) मद्रास
(द) बेलगांव
उत्तर- (द) बेलगांव अधिवेशन (1924)

35. ट्रस्टीशिप (न्यासिता) सिद्धांत किसके द्वारा दिया गया था -
(अ) महात्मा गांधी
(ब) जवाहर लाल नेहरू
(स) अरविंद घोष
(द) रवीन्द्रनाथ टैगोर
उत्तर- (अ) महात्मा गांधी

36. लोक हितवादी के उपनाम से किसे जाना जाता है -
(अ) ज्योतिबा फुले
(ब) गोपाल हरि देशमुख
(स) गोविंद रानाडे
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) गोपाल हरि देशमुख

37. कलकत्ता (कोलकाता) का संस्थापक किसे माना जाता है -
(अ) अलमीडा
(ब) जॉन सुरमन
(स) जॉब चॉरनॉक
(द) गेराल्ड अंगियार
उत्तर- (स) जॉब चॉरनॉक

38. अवध राज्य का संस्थापक कौन था -
(अ) सआदत खाँ बुरहानुलमुल्क
(ब) सादुतुल्ला खाँ
(स) मुर्शिद कुली खाँ
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) सआदत खाँ बुरहानुलमुल्क

39. 'द वे आउट नामक पैम्फलेट' किसने जारी किया था -
(अ) जवाहर लाल नेहरू
(ब) सर सैयद अहमद खाँ
(स) मोहम्मद अली
(द) सी. राजगोपालाचारी
उत्तर- (द) सी. राजगोपालाचारी

40. 'बेदरा की लड़ाई' किनके मध्य लड़ी गई थी -
(अ) अंग्रेज एवं सिख
(ब) अंग्रेज एवं डच
(स) अंग्रेज एवं मराठा
(द) अंग्रेज एवं फ्रांसिसी
उत्तर- (ब) अंग्रेज एवं डच

41. वाण्डिवाश का युद्ध कब लड़ा गया था -
(अ) 1760 ई. (ब) 1680 ई.
(स) 1860 ई. (द) 1790 ई.
उत्तर- (अ) 1760 ई.

42. 1765 में हुई इलाहबाद की प्रथम संधि अंग्रेज एवं किसके मध्य हुई थी -
(अ) सिराजुद्दौला
(ब) शाह आलम द्वितीय
(स) मीर कासिम
(द) मीर जाफर
उत्तर- (ब) शाह आलम द्वितीय

43. किस अधिनियम के अंतर्गत पोर्टफोलियो प्रणाली लागू की गई थी -
(अ) 1773 के अधिनियम
(ब) 1813 चार्टर अधिनियम
(स) 1833 चार्टर अधिनियम
(द) भारतीय परिषद् अधिनियम 1861
उत्तर- (द) भारतीय परिषद् अधिनियम 1861

44. सोबरांव का युद्ध कब लड़ा गया था -
(अ) फरवरी 1848 ई.
(ब) मार्च 1770 ई.
(स) फरवरी 1846 ई.
(द) नवंबर 1852 ई.
उत्तर- (स) फरवरी 1846 ई.

45. डिंडीगुल में आधुनिक शस्त्रागार की स्थापना किसने की थी -
(अ) टीपू सुल्तान
(ब) हैदर अली
(स) चिनकिलिच खाँ
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) हैदर अली

46. सैडलर आयोग का संबंध किस क्षेत्र से था -
(अ) सैन्य (ब) शिक्षा
(स) कृषि (द) राजस्व
उत्तर- (ब) शिक्षा

47. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है -
(अ) प्लासी का युद्ध - 1757 ई.
(ब) बक्सर का युद्ध - 1764 ई.
(स) खुर्दा का युद्ध - 1780 ई.
(द) रूहेला का युद्ध - 1773-74 ई.
उत्तर- (स) खुर्दा का युद्ध - 1780 ई.

48. 'गुलामगिरी' किसकी रचना है -
(अ) सावित्रीबाई फुले
(ब) गोपाल हरि देशमुख
(स) ज्योतिबा फुले
(द) महात्मा गांधी
उत्तर- (स) ज्योतिबा फुले

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधी विषयों पर लेखन करते हैं)

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर कार्य करें और यह दिखना भी चाहिए

भोपाल, पूरा चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर करायें। साथ ही यह दिखना भी चाहिए। मतदाता पर्ची का वितरण शत-प्रतिशत मतदाताओं को करें। निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्रों का वितरण समय पर करें। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश 46 नगरीय निकायों के आम निर्वाचन-2022 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को दिये। समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। समीक्षा में संबंधित नगरीय निकायों के 18 जिलों के कलेक्टर एवं एस.पी. शामिल हुए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि कलेक्टर और एस.पी. संयुक्त रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें। निर्वाचन के हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। केंद्रीय सेवा के कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन में न लगाई जाये।

आदर्श आचरण संहिता का करें पालन

श्री सिंह ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि पहले से चल रहे कार्य जारी रहेंगे, लेकिन नये कार्य शुरू नहीं किये जायेंगे। अत्यधिक आवश्यक होने पर आयोग को अनुमति का प्रस्ताव भेजें।

श्री सिंह ने कहा कि पार्षद पद के अभ्यर्थियों को व्यय लेखा का संधारण करना जरूरी है। पेड न्यूज की रोकथाम के लिये जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी का गठन कर उनकी बैठकें की जायें। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा एवं प्रतीक आवंटन में कोई त्रुटि नहीं होना चाहिए। ईव्हीएम स्ट्रांग-रूम की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। स्टेडिंग कमेटी की बैठक करें।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

श्री सिंह ने कहा कि शस्त्र लायसेंस निलंबन, सम्पत्ति विरूपण, कोलाहल नियंत्रण और धारा-144 के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर उनका पालन सुनिश्चित करायें। अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करें। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर सुरक्षा के प्रबंध करें। निर्वाचन क्षेत्र में रैली, जुलूस एवं सभा का आयोजन सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति से ही किया जाये।

निर्वाचन की महत्वपूर्ण घटनाओं की वीडियोग्राफी करायें। मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर करवायें। कंट्रोल-रूम और शिकायत निवारण सेल की स्थापना करें।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. 'सुरैती' नामक लोकचित्र परम्परा किस स्थान की विशेषता है -
(अ) बघेलखण्ड (ब) मालवा
(स) निमाड़ (द) बुंदेलखण्ड
उत्तर- (द) बुंदेलखण्ड

2. दुष्यन्त कुमार पाण्डुलिपि संग्रहालय कहां अवस्थित है -
(अ) दिल्ली (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) नागपुर
उत्तर- (ब) भोपाल

3. 'हृदयहीन कवि' किसे कहा गया है -
(अ) केशवदास (ब) पद्माकार
(स) भूषण (द) भवभूति
उत्तर- (अ) केशवदास

4. 'कामायनी एक पुनर्विचार' किस कवि की रचना है -
(अ) सुभद्रा कुमारी चौहान
(ब) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(द) हरिशंकर परसाई
उत्तर- (ब) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

5. निम्नलिखित में से कौन-सा एन्जाइम अन्नाशय से स्रावित नहीं होता है -
(अ) ट्रिप्सिन (ब) एमाइलेज
(स) लैक्टोज (द) लाइपेज
उत्तर- (स) लैक्टोज

6. मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर का निर्माण किस वंश के शासकों के काल में सम्पन्न हुआ -
(अ) सोलंकी वंश
(ब) परमार वंश
(स) गहड़वाल वंश
(द) पाल वंश
उत्तर- (अ) सोलंकी वंश

7. राज्यसभा को किस प्रकार भंग किया जा सकता है -
(अ) सभापति के कार्यकाल के पश्चात्
(ब) पांच वर्ष के बाद स्वतः भंग
(स) राष्ट्रपति के आदेश से
(द) कभी भंग न होने वाली
उत्तर- (द) कभी भंग न होने वाली

8. दूर-दृष्टिदोष दूर करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लैंस उपयोग में लाया जाता है -
(अ) उत्तल लैंस
(ब) अवतल लैंस
(स) वर्तुलाकार लैंस
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) उत्तल लैंस

9. केन्द्र एवं राज्यों के मध्य वित्त का विभाजन निम्नलिखित में से किसकी सलाह के आधार पर किया जाता है -
(अ) योजना आयोग
(ब) लोक लेखा समिति
(स) राष्ट्रीय विकास परिषद्
(द) वित्त आयोग
उत्तर- (द) वित्त आयोग

10. किसी जाति अथवा जनजाति को अनुसूचित जाति तथा जनजाति घोषित करने की शक्ति किसे प्राप्त है -
(अ) अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग
(ब) राष्ट्रपति
(स) प्रधानमंत्री
(द) सामाजिक कल्याण मंत्रालय
उत्तर- (ब) राष्ट्रपति

11. 97वां संविधान संशोधन अधिनियम निम्नलिखित में से किसे संरक्षण प्रदान करता है -
(अ) शिक्षा के अधिकार को
(ब) सहकारी समितियों को
(स) भाषा को
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) सहकारी समितियों को

12. भारत के राष्ट्रपति किसकी लिखित सिफारिश पर राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा जारी कर सकते हैं -
(अ) प्रधानमंत्री (ब) संसद
(स) स्वेच्छा से (द) मंत्रिपरिषद्
उत्तर- (द) मंत्रिपरिषद् से लिखित अनुशंसा पर

13. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान जो अर्जुन एवं विक्रम अवॉर्ड से पुरस्कृत हैं एवं जो कि मध्यप्रदेश से संबंधित हैं -
(अ) संध्या अग्रवाल
(ब) राजेश्वरी ढोलकिया
(स) कीर्ति पटेल
(द) रीता जैन
उत्तर- (अ) संध्या अग्रवाल

14. 'डबल फॉल्ट' शब्दावली किस खेल से संबंधित है -
(अ) बास्केट बॉल (ब) क्रिकेट
(स) हॉकी (द) टेनिस
उत्तर- (द) टेनिस

15. मलेशिया की 'किण्टा घाटी' किस लिए प्रसिद्ध है -
(अ) रबर उत्पादन के लिए
(ब) चाय उत्पादन के लिए
(स) टिन उत्पादन के लिए
(द) कहवा उत्पादन के लिए
उत्तर- (स) टिन उत्पादन के लिए

16. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है -
(अ) मुक्तिबोध फैलोशिप - साहित्य के क्षेत्र में
(ब) चक्रधर फैलोशिप - पर्यावरण शोध के क्षेत्र में
(स) अमृता शेरगिल शिक्षावृत्ति - चित्र व मूर्तिकला के क्षेत्र में
(द) राजेन्द्र माथुर स्मृति शिक्षावृत्ति - पत्रकारिता के क्षेत्र में
उत्तर- (ब) चक्रधर फैलोशिप - पर्यावरण शोध के क्षेत्र में

17. मध्यप्रदेश शासन की 'हम छू लेंगे आसमान' योजना किसके लिए लक्षित है -
(अ) अल्पसंख्यकों (ब) महिलाओं
(स) छात्रों (द) मजदूरों
उत्तर- (स) छात्रों के लिए

18. क्रायोजेनिक इंजन का प्रयोग किस क्षेत्र में किया जाता है -
(अ) रॉकेट टेक्नोलॉजी
(ब) फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रीजिरेटर में
(स) पनडुब्बी संचालन में
(द) विद्युत मोटर में
उत्तर- (अ) रॉकेट टेक्नोलॉजी

19. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् विंध्य प्रदेश को शामिल किया गया था -
(अ) पार्ट-A
(ब) पार्ट-B
(स) पार्ट-C
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) पार्ट-C

20. निम्न में से किस परियोजना को 'रानी अवंतिबाई सागर परियोजना' के नाम से भी जाना जाता है -
(अ) बरगी परियोजना
(ब) मोहनपुरा परियोजना
(स) सीतारेवा परियोजना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) बरगी परियोजना

21. सिंगरौली एवं अलीराजपुर में सूर्योदय के समय पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -
(अ) सिंगरौली में सूर्योदय लगभग एक घण्टा पहले
(ब) अलीराजपुर में सूर्योदय लगभग 1/2 घण्टे पहले होगा
(स) सिंगरौली में सूर्योदय लगभग 1/2 घण्टे पहले होगा
(द) कोई अंतर नहीं पाया जाता है
उत्तर- (स) सिंगरौली में सूर्योदय लगभग 1/2 घण्टे पहले होगा

22. मध्यप्रदेश में कपास अनुसंधान संस्थान कहां पर स्थित है -
(अ) इंदौर (ब) खंडवा
(स) खरगौन (द) धार
उत्तर- (स) खरगौन

23. भारतमाला परियोजना निम्न से संबंधित है -
(अ) राष्ट्रीय राजमार्गों से
(ब) राज्य राजमार्गों के निर्माण से
(स) बंदरगाहों के निर्माण से
(द) विशेष आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण से
उत्तर- (अ) राष्ट्रीय राजमार्गों से

24. पृथ्वी का पलायन वेग कितना है -
(अ) 150 km/s
(ब) 210 km/s
(स) 7.0 km/s
(द) 11.2 km/s
उत्तर- (द) 11.2 km/s

25. जब किसी पिंड को द्रव में डुबोया जाता है तो उस पर कौन-सा बल कार्य करता है -
(अ) उत्क्षेप
(ब) भार
(स) द्रव्यमान
(द) उत्प्लावन बल
उत्तर- (द) उत्प्लावन बल

26. पराध्वनिक विमान किस प्रद्यातीं तरंग को पैदा करते है -
(अ) संक्रमण तरंग
(ब) पराश्रव्य तरंग
(स) अनुप्रस्थ तरंग
(द) ध्वनि बूम
उत्तर- (द) ध्वनि बूम

27. श्री हरिकोटा द्वीप कहां अवस्थित है -
(अ) चिल्का झील
(ब) पुलीकट झील
(स) महानदी मुहाना
(द) गोदावरी मुहाना
उत्तर- (ब) पुलीकट झील

28. दो देशान्तरों के मध्य सर्वाधिक दूरी कहां पाई जाती है -
(अ) भूमध्य रेखा पर
(ब) 60° अक्षांश पर
(स) 23°30 अक्षांश पर
(द) 8° अक्षांश पर
उत्तर- (अ) भूमध्य रेखा पर

29. दक्षिण अफ्रीका के घास स्थल प्रदेश को क्या कहते हैं -
(अ) सेल्वास (ब) डाउन्स
(स) वेल्ड (द) लानोस
उत्तर- (स) वेल्ड

30. 'लदांग' नामक झूम कृषि किस देश से संबंधित है -
(अ) इंडोनेशिया (ब) चीन
(स) मलेशिया (द) ऑस्ट्रेलिया
उत्तर- (अ) इंडोनेशिया

31. एक देशान्तर को पार करने में दो स्थानों के स्थानीय समय के बीच कितना अंतर होता है -
(अ) 111 मिनट (ब) 360 मिनट
(स) 23.5 मिनट (द) 4 मिनट
उत्तर- (द) 4 मिनट

32. राजा भोज के द्वारा त्रिभुवन नारायण मंदिर का निर्माण करवाया गया था -
(अ) महेश्वर (ब) धार
(स) चित्तौड़ (द) जयपुर
उत्तर- (स) चित्तौड़ में

33. 'औरोरा बोरियालिस' की घटना वायुमंडल के किस भाग में सम्पन्न होती है -
(अ) बाह्य मंडल
(ब) समताप मंडल
(स) आयन मंडल
(द) ओजोन मंडल
उत्तर- (अ) बाह्य मंडल

34. अनातोलिया का पठार कहां अवस्थित है -
(अ) इथियोपिया (ब) ईरान
(स) चीन (द) तुर्की (टर्की)
उत्तर- (द) तुर्की (टर्की)

35. निम्न विकल्पों में से कौन-सा एक ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है -
(अ) Blackberry os
(ब) Windows
(स) Oracle
(द) Unix
उत्तर- (स) Oracle

36. SQL का विस्तारित रूप क्या होगा -
(अ) Structured Question Language
(ब) Simplified Query Language
(स) Structured Query Language
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) Structured Query Language

37. विदेशी मुद्रा जिसमें त्वरित प्रवास की प्रवृत्ति होती है, क्या कहलाती है -
(अ) हॉट करेंसी
(ब) सॉफ्ट करेंसी
(स) गोल्ट करेंसी
(द) दुर्लभ मुद्रा
उत्तर- (अ) हॉट करेंसी

38. 'उकाई परियोजना' किस नदी पर निर्मित की गई है -
(अ) सतलज
(ब) ताप्ती
(स) गण्डक
(द) मालप्रभा नदी
उत्तर- (ब) ताप्ती नदी

39. जंगरोधक लोहा बनाने के लिए कौन-सी धातु प्रयुक्त की जाती है -
(अ) एल्युमीनियम
(ब) कार्बन
(स) क्रोमियम
(द) टिन
उत्तर- (स) क्रोमियम धातु

40. एक तरल की बूंद का आकार गोलाकार होना किस गुण को प्रदर्शित करता है -
(अ) पृष्ठ तनाव
(ब) श्यानता बल
(स) गुरुत्वाकर्षण बल
(द) अपकेंद्रीय बल
उत्तर- (अ) पृष्ठ तनाव

41. जिब्राल्टर जल संधि किन दो स्थानों को जोड़ती है -
(अ) अण्डमान सागर, चीन सागर
(ब) इंग्लिश चैनल, उत्तरी सागर
(स) भूमध्य सागर, अटलांटिक महासागर
(द) बेरिंग सागर, चुकसी सागर
उत्तर- (स) भूमध्य सागर, अटलांटिक महासागर

42. विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन का मुख्यालय कहां अवस्थित है -
(अ) वियना (ब) जेनेवा
(स) रोम (द) दे हेग
उत्तर- (ब) जेनेवा (स्विट्जरलैंड)

43. 'झावेरी बहनें' किस शास्त्रीय नृत्य से संबंधित हैं -
(अ) मणिपुरी (ब) कत्थक
(स) मोहिनी अट्टम (द) ओडिशी
उत्तर- (अ) मणिपुरी

44. 'पवनार आश्रम' की स्थापना किसके द्वारा की गई थी -
(अ) आचार्य नरेन्द्र देव
(ब) अरविंद घोष
(स) विनोबा भावे
(द) बाबा आमटे
उत्तर- (स) विनोबा भावे

45. 'गोल्डन होल्ड' नामक पुस्तक के लेखक/लेखिका कौन हैं -
(अ) सरोजनी नायडू
(ब) अज्ञेय
(स) अमृता प्रीतम
(द) खुशवंत सिंह
उत्तर- (अ) सरोजनी नायडू

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

महाविद्यालयों में गठित होगा 'युवा सेल'

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यूथ महापंचायत में की गई घोषणानुसार प्रदेश के विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में 'युवा सेल' का गठन किया जायेगा। युवा सेल युवा नीति के क्रियान्वयन के लिये विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर होने वाली गतिविधियों की निरंतर समीक्षा और उत्कृष्ट संचालन के लिये आयोजन समिति को सुझाव प्रस्तुत करेगा। युवा सेल के गठन का मुख्य उद्देश्य युवाओं के मध्य सकारात्मक एवं आदर्श वातावरण को निर्मित करना है।

विश्वविद्यालय स्तर पर युवा सेल के संरक्षक कुलपति होंगे। वरिष्ठ संकाय अधिष्ठाता अध्यक्ष एवं समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना सचिव होंगे। संरक्षक द्वारा प्रावीण्यता के आधार पर मनोनीत चार विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी, खेल-कूद एवं साहित्य-सांस्कृतिक गतिविधि के एक-एक विद्यार्थी, दो एल्यूमनाई, दो अभिभावक, एक सांसद तथा एक विधायक प्रतिनिधि सदस्य होंगे।

कलर कोड से चलेंगे ऑटो, सीएनजी ऑटो को परमिट में प्राथमिकता

भोपाल, परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में अब सभी प्रकार के ऑटो का संचालन कलर कोड के हिसाब से होगा। यह कलर कोड उस क्षेत्र के परमिट के हिसाब से निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी तथा गैर शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग परमिट जारी होंगे। परमिट के आधार पर ऑटो रिक्शा में कलर कोडिंग की जाएगी। इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी ऑटो रिक्शा के लिए पीला हुड और ग्रीन बॉडी तथा पेट्रोल एवं डीजल से संचालित ऑटो रिक्शा के लिए पीला हुड और काली बॉडी रहेगी। जबकि शहर के अलावा अन्य क्षेत्रों में संचालित ऑटो रिक्शा के लिए पीला हुड और लाल बाडी निर्धारित की गई है। ऑटो रिक्शा में 3 से अधिक यात्री बैठाने पर परमिट रद्द कर दिया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं डीजल, पेट्रोल की खपत को रोकने के लिये सीएनजी ऑटो रिक्शा को परमिट देने में प्राथमिकता दी जाएगी। अस्थाई परमिट सिर्फ 4 माह के लिए वैध होगा, जबकि स्थाई परमिट 5 वर्ष के लिए जारी किया जाएगा। ऑटो रिक्शा में 3 सवारी तक की बैठक की क्षमता वाले वाहनों को परमिट प्रदान किया जाएगा।

श्री राजपूत ने बताया कि कलेक्टर, ई-रिक्शा के संचालन के लिए नगरीय जनसंख्या के आधार पर क्षेत्र एवं मार्ग को प्रतिबंधित कर सकेंगे। जबकि आरटीओ द्वारा शहरी तथा गैर शहरी क्षेत्र में ऑटो रिक्शा के संचालन के लिए क्षेत्र एवं मार्ग का निर्धारण किया जाएगा।

परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि न्यू सीएनजी ऑटो पंजीयन एवं परमिट में 10 प्रतिशत की छूट तथा 10 साल पुराने ऑटो को सीएनजी में परिवर्तित कराने में स्थाई परमिट में 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वाहन स्वामी ऑटो रिक्शा या ई-रिक्शा में किसी तरह का मोडिफिकेशन नहीं करा सकेगा।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

1. 'संज्ञा' किस प्रकार का शब्द है?
(A) अविकारी (B) निर्विकारी
(C) सविकारी (D) विकारी
उत्तर - (D) विकारी

2. **भीमराव अम्बेडकर** को संविधान निर्माता कहा जाता है। बोल्ड शब्द कौनसी संज्ञा है?
(A) जाति वाचक संज्ञा
(B) द्रव्य वाचक संज्ञा
(C) व्यक्ति वाचक संज्ञा
(D) भाव वाचक संज्ञा
उत्तर - (C) व्यक्ति वाचक संज्ञा

3. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन से विकल्प में सभी शब्द द्रव्य वाचक संज्ञाएं नहीं हैं?
(A) सोना, चांदी
(B) लकड़ी, तेल
(C) गेहूं, चावल
(D) ममता, सहायता
उत्तर - (D) ममता, सहायता

4. 'दही' शब्द का लिंग क्या है?
(A) पुल्लिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (A) पुल्लिंग

5. निम्नलिखित शब्द समूहों में से कौन से समूह की सभी संज्ञाएं भाव वाचक संज्ञा नहीं हैं?
(A) पक्का, ऊंचाई
(B) सच्चाई, गहराई
(C) सुन्दर, फीका
(D) योग्यता, ईमानदारी
उत्तर - (A) पक्का, ऊंचाई

6. निम्नलिखित में से किस वर्ग की सभी संज्ञाएं व्यक्ति वाचक संज्ञा नहीं हैं?
(A) गोदावरी, गंगा
(B) रवि, गीता
(C) रामायण, ताजमहल
(D) पुस्तक, दवात
उत्तर - (D) पुस्तक, दवात

7. 'दानिरा ने चॉकलेट ली' इस वाक्य में कौनसा कारक है?
(A) कर्ता कारक
(B) कर्म कारक
(C) करण कारक
(D) संप्रदान कारक
उत्तर - (A) कर्ता कारक

8. अनीता धागे से कढ़ाई कर रही है। इस वाक्य में कौनसा कारक है?
(A) करण कारक
(B) अपादान कारक
(C) कर्म कारक
(D) संप्रदान कारक
उत्तर - (A) करण कारक

9. दुकानदार ने ग्राहक को चावल दिए इस वाक्य में कौनसा कारक है?
(A) करण कारक
(B) संप्रदान कारक
(C) कर्म कारक
(D) अपादान कारक
उत्तर - (B) संप्रदान कारक

10. दीवार में बल्ब लगा दिया है इस वाक्य में कौनसा कारक है?
(A) कर्म कारक
(B) संप्रदान कारक
(C) अधिकरण करण कारक
(D) अपादान कारक
उत्तर - (C) अधिकरण करण कारक

11. हे राम! जरा-सी लड़की ने नाक में दम कर दिया। इस वाक्य में कौनसा कारक है?
(A) संबंध कारक
(B) अधिकरण कारक
(C) कर्म कारक
(D) संबोधन कारक
उत्तर - (D) संबोधन कारक

12. खाने को **कुछ दो** (बोल्ड शब्द क्या है)?
(A) सर्वनाम
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) संज्ञा
(D) विशेषण
उत्तर - (A) सर्वनाम

13. **उस** पुस्तक को उठाएं (बोल्ड शब्द क्या है)?
(A) निश्चय वाचक सार्वनामिक विशेषण।
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) निश्चय वाचक सर्वनाम
(D) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
उत्तर - (C) निश्चय वाचक सर्वनाम

14. सब्जी में **थोड़ा सा** नमक डाल दीजिए (बोल्ड शब्द विशेषण का भेद बताइए)?
(A) गुणवाचक
(B) अनिश्चियत परिमाण वाचक विशेषण।
(C) रीति वाचक
(D) अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण।
उत्तर - (B) अनिश्चियत परिमाण वाचक विशेषण।

15. यह मेरा **प्रियतम मित्र** है (बोल्ड विशेषण की तुलनात्मक अवस्था बताइए)?
(A) मूलावस्था (B) उत्तरावस्था
(C) उत्तमावस्था (D) पूर्वावस्था
उत्तर - (C) उत्तमावस्था

16. बाहर **कौन** चिल्ला रहा है (बोल्ड पद व्याकरण में क्या है)?
(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) विशेषण
(D) सर्वनामिक विशेषण
उत्तर - (B) सर्वनाम

17. **कोई** आदमी पुकार रहा है (बोल्ड पद क्या है)?
(A) सर्वनाम
(B) संज्ञा
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) विशेषण
उत्तर - (C) सार्वनामिक विशेषण

18. **कम** खाना खाओ (बोल्ड विशेषण का भेद बताओ)?
(A) गुण वाचक
(B) संख्या वाचक
(C) परिमाण वाचक
(D) स्थान वाचक
उत्तर - (C) परिमाण वाचक

19. 'कुसुम' शब्द से विशेषण बनेगा?
(A) कुसुमित (B) कुसुमन
(C) कुलसम (D) कुसूम
उत्तर - (A) कुसुमित

20. यह जामुन **मीठी** है। (बोल्ड विशेषण का भेद है)?
(A) गुण वाचक
(B) परिमाण वाचक
(C) रीति वाचक
(D) संख्या वाचक
उत्तर - (A) गुण वाचक विशेषण

21. मैंने **वेद** पढ़े हैं अतः मैं..... विचारधारा का हूं (रिक्त स्थान में बोल्ड शब्द का विशेषण भरिए)?
(A) वेदी (B) वैदिक
(C) वेदिकी (D) वैद्य
उत्तर - (B) वैदिक

22. यह गाड़ी **तीव्रतर** है। (बोल्ड विशेषण की अवस्था बताओ)?
(A) मूलावस्था
(B) उत्तरावस्था
(C) उत्तमावस्था
(D) पूर्णावस्था
उत्तर - (B) उत्तरावस्था

23. **गहरी** लाल कमीज मत पहनो। (बोल्ड पद व्याकरण में क्या है)?
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) प्रविशेषण
उत्तर - (D) प्रविशेषण

24. विशेषण किस की विशेषता बताता है?
(A) संज्ञा की
(B) सर्वनाम की
(C) संज्ञा और सर्वनाम दोनों की
(D) क्रिया की
उत्तर - (C) संज्ञा और सर्वनाम दोनों की

25. राम मीठा आम खाओ (इस वाक्य में विशेषण पद है)?
(A) राम (B) मीठा
(C) आम (D) खाओ
उत्तर - (B) मीठा

26. इमरती **सुनहरी** है (बोल्ड का लिंग है)?
(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग
(C) दोनों (D) कोई नहीं
उत्तर - (B) स्त्रीलिंग

27. 'कड़वी' का पुल्लिंग बनेगा?
(A) कड़वा (B) कड़ी
(C) कड़वे (D) कड़वो
उत्तर - (A) कड़वा

नोट :- 'ने' परसर्ग के प्रयोग से क्रिया पर पड़ा प्रभाव किस वाक्य में सही लक्षित हो रहा है।

28. रवि कृष्ण को पुस्तक देता है?
(A) रवि ने कृष्ण को पुस्तक दी।
(B) रवि ने कृष्ण को पुस्तक दे दी।
(C) रवि को कृष्ण ने पुस्तक दी थी।
(D) रवि ने कृष्ण को पुस्तक दी थी।
उत्तर - (A) रवि ने कृष्ण को पुस्तक दी।

29. मंत्री जी ने सूखा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं?
(A) मंत्री जी ने सूखा क्षेत्र का दौरा कर रहे थे।
(B) मंत्री जी ने सूखा क्षेत्र का दौरा किया।
(C) मंत्री जी ने सूखा क्षेत्र का दौरा करते।
(D) मंत्री जी ने सूखा क्षेत्र दौरा किया।
उत्तर - (B) मंत्री जी ने सूखा क्षेत्र का दौरा किया।

30. वह कुत्ते को मारता था?
(A) उसने कुत्ते ने मारा
(B) उसने कुत्ते को मारा
(C) वह ने कुत्ते को मारा
(D) उसने कुत्ता मारा
उत्तर - (B) उसने कुत्ते को मारा

31. कोयल गाना गाती है?
(A) कोयल ने गाना गाता है।
(B) कोयल गाना ने गाया
(C) कोयल ने गाने को गाया
(D) कोयल ने गाना गाया
उत्तर - (D) कोयल ने गाना गाया

32. भारत कभी हार नहीं मानता?
(A) भारत ने कभी हार नहीं मानता
(B) भारत ने कभी हार नहीं मानी
(C) भारत ने कभी हार मानी थी
(D) भारत ने कभी मानी हार नहीं
उत्तर - (B) भारत ने कभी हार नहीं मानी

33. कौनसा शब्द अमृत का पर्यायवाची नहीं है?
(A) सुधा (B) अमी
(C) अनल (D) सोम
उत्तर - (C) अनल

34. किस वर्ग के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
(A) पर्वत, पहाड़, नग
(B) घमंड, अभिमान, दंभ
(C) नेत्र, लोचन, चक्षु
(D) आज्ञा, आदेश, अलंकार
उत्तर - (D) आज्ञा, आदेश, अलंकार

35. 'अग्नि' शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) आग (B) अनल
(C) नग (D) पावक
उत्तर - (C) नग

36. 'इन्द्र' शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) देवेन्द्र (B) सुरेश
(C) निशाचर (D) पुरंदर
उत्तर - (C) निशाचर

37. 'स्त्री' शब्द के लिए कौनसा शब्द पर्यायवाची है?
(A) कामिनी (B) सारंग
(C) कंचन (D) शोणित
उत्तर - (A) कामिनी

38. 'सिंह' का जो शब्द पर्यायवाची नहीं है, उसे चुनिए?
(A) केसरी (B) शेर
(C) हस्ती (D) वन राज
उत्तर - (C) हस्ती

39. 'मेंढ़क' शब्द के दो पर्यायवाची किस वर्ग में सही हैं?
(A) दादुर, मंडूक
(B) मणि, माणिक्य
(C) तुहिन, तुषार
(D) सारंग, अहिपक्षी
उत्तर - (A) दादुर, मंडूक

40. 'कनक' शब्द के लिए कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) सोना (B) धतूरा
(C) कर्ण (D) गेहूं
उत्तर - (C) कर्ण

41. 'नदी' शब्द के लिए कौनसा शब्द पर्यायवाची है?
(A) सरिता (B) द्विज
(C) अमर (D) गोरम
उत्तर - (A) सरिता

42. रिक्त स्थान की पूर्ति रेखांकित के विलोम शब्द से कीजिए-
आकाश में **सुर** व..... दोनों का निवास है?
(A) सुरी (B) असुर
(C) देव (D) सुरती
उत्तर - (B) असुर

43. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-
किसानों ने अपने परिश्रम से **बंजर** जमीन को..... बना दिया?
(A) उपजाऊ (B) रेतीली
(C) अलौकिक (D) पथरीली
उत्तर - (A) उपजाऊ

44. 'तटस्थ' शब्द का विलोमार्थी है?
(A) विलंब (B) वृद्ध
(C) मंद (D) पक्षपाती
उत्तर - (D) पक्षपाती

45. वैकल्पिक का विलोम शब्द है?
(A) स्वाभाविक
(B) योग्यतर
(C) इच्छित
(D) अनिवार्य
उत्तर - (D) अनिवार्य

46. 'आकाश-पाताल एक करना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) पाताल फोड़ लाना
(B) कम से कम काम करना
(C) जी-तोड़ प्रयत्न करना
(D) आकाश तक जा पहुंचना
उत्तर - (C) जी-तोड़ प्रयत्न करना

47. 'आंखों का तारा' मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
(A) गोपी अपने माता-पिता की आंखों का तारा है।
(B) मेरी आंखों का तारा कौन है।
(C) क्या तुम आंखों का तारा हो।
(D) आंखों का तारा होना अच्छी बात है।
उत्तर - (A) गोपी अपने माता-पिता की आंखों का तारा है।

48. 'खून खौलना' मुहावरे का अर्थ है?
(A) बहुत जोश में आना
(B) अत्यंत क्रोध करना
(C) पागल हो जाना
(D) क्रोध निकालना
उत्तर - (B) अत्यंत क्रोध करना

49. 'ईंट से ईंट बजाना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) कमजोर पड़ जाना
(B) समूल नष्ट कर देना
(C) ईंट से ईंट मारना
(D) ईंट बजाकर शोर करना
उत्तर - (B) समूल नष्ट कर देना

50. 'चकमा देना' मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
(A) मेरी आंखें चकमा दे रही हैं।
(B) चिकना फर्श चकमा देता है।
(C) चोर पुलिस को चकमा देकर भाग गया।
(D) चकमा देना अच्छी बात है।
उत्तर - (C) चोर पुलिस को चकमा देकर भाग गया।

51. 'खून का घूंट पी जाना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) खून पीना
(B) अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना।
(C) आपे से बाहर होना
(D) क्रोधित होना
उत्तर - (B) अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना।

-डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

किसानों को उपज का मिलेगा पूरा लाभ : कृषि मंत्री

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा-पूरा लाभ दिलाने के लिये सरकार कृत-संकल्पित है। श्री पटेल ने ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के उपार्जन केन्द्रों के औचक निरीक्षण के दौरान यह बात कही। श्री पटेल ने निरीक्षण में उपार्जन संबंधी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

कृषि मंत्री ने देवास जिले के खातेगांव तहसील के ग्राम धायली में उपार्जन केंद्र श्री ओम लीला बेयरहाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में किये गये प्रबंधों का अवलोकन किया। श्री पटेल ने निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर तुलाई इलेक्ट्रॉनिक काँटों से ही की जाये। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसान हितैषी सरकार हैं। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के अनुरोध पर एक दिन में 25 क्विंटल की उपार्जन सीमा को बढ़ा कर 40 क्विंटल कर दिया है। सरकार द्वारा मूंग का घोषित समर्थन मूल्य 7 हजार 275 रुपये होने से किसानों को लगभग 2 हजार रुपये का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है।

श्री पटेल ने उपार्जन केन्द्र पर मौजूद किसानों से खेती-किसानी संबंधी चर्चा की। श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को डीएपी और यूरिया की कमी नहीं आने दी जाये। उन्हें आवश्यकतानुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

किसानों ने सरकार का किया आभार व्यक्त

समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द का बेहतर प्रबंधन होने से किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। किसानों ने कहा है कि सरकार द्वारा चना, मसूर एवं सरसों का भी समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया गया है।

कॅरियर की राहें

फुटवियर स्टाइलिस्ट बनकर बनाएं अपना बेहतर कॅरियर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि कोविड-19 के बाद देश और दुनिया में फैशन का नया दौर तेजी से आगे बढ़ा है। इस दौर में ड्रेस की तरह फुटवियर को लेकर भी लोग अब बहुत अधिक जागरूक हो गए हैं। यही कारण है कि एक ओर जहां फुटवियर के एक से बढ़कर एक डिजाइन बाजार में देखने को मिल रहे हैं, वहीं इन्हें तैयार करने वाले फुटवियर स्टाइलिस्टों की मांग भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं कोविड-19 के कारण जब से ई-कॉमर्स मॉडल ने फुटवियर उद्योग में प्रवेश किया है, तब से फुटवियर क्षेत्र में कॅरियर के अवसर और तेजी से बढ़े हैं।

दुनिया का दूसरा बड़ा फुटवियर निर्माता देश है भारत

फुटवियर सेक्टर में भारत की नई पीढ़ी के अवसर बढ़ने के कई कारण हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वर्ष 2022 से 2025 के बीच फुटवियर उद्योग 23.75 की दर से विकसित हो रहा है। भारत फुटवियर निर्माण में चीन के बाद दूसरे क्रम पर आता है। दुनिया के करीब 10 फीसदी फुटवियर का उत्पादन भारत में होता है तथा भारत फुटवियर का छठा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। वर्तमान में भारतीय फुटवियर उद्योग तीव्र प्रगति कर रहा है। भारत में लगभग 8 करोड़ जोड़ी जूतों का वार्षिक बाजार है और अब जबकि भारतीय फुटवियर उद्योग फैशन एक्सेसरीज मार्केट के केंद्र में आ गए हैं तो आने वाले दशकों में भारतीय फुटवियर इंडस्ट्री में तीव्र वृद्धि के कयास लगाए जा रहे हैं। इस स्थिति में स्किल्ड फुटवियर स्टाइलिस्टों की मांग का भी तेजी से बढ़ना तय है।

फुटवियर स्टाइलिस्ट बनने के लिए जरूरी स्किल्स

फुटवियर उद्योग ने परम्परागत मोची की दुकानों से मॉल्स तक का बहुत लंबा सफर तय किया है और आज यह एक फैशन स्टेटमेंट बन चुके हैं। अपनी इमेज के प्रति जागरूक लोगों की प्राथमिकताओं में आ जाने से फुटवियर की डिजाइनिंग और मार्केटिंग में एक प्रोफेशनल टच की जरूरत सामने आई है और इसके साथ ही सामने आया है, खूबसूरती और यूटिलिटी के वैलेन्स का लुभावना फुटवियर स्टाइलिंग का कॅरियर। क्वालिटी एवं डिजाइन अब इस क्षेत्र की मुख्य आवश्यकता बन गई है। गौरतलब है कि फुटवियर स्टाइलिस्ट विशिष्ट प्रकार के शू डिजाइनर्स होते हैं। फुटवियर स्टाइलिस्ट बनने के लिए फैशन में रुचि रखना तथा जूतों के प्रति अनुराग आवश्यक है। फुटवियर स्टाइलिस्ट डिजाइनर के रूप में काम करते हैं। जहां टेक्निकल डिजाइनर पैटर्न मेकिंग, कटिंग और डिजाइनिंग का काम करते हैं, वहीं फुटवियर स्टाइलिस्ट डिजाइनर फैशन और स्टाइल के लेटेस्ट ट्रेंड के अनुसार फुटवियर के यूनिक लुक और स्टाइल अपील पर काम करते हैं। चूंकि फुटवियर स्टाइलिंग बेहद सृजनात्मक क्षेत्र है, इसलिए इसके लिए ड्राइंग कौशल महत्वपूर्ण होता है। हर उपभोक्ता की आवश्यकता को पहचानना ही फुटवियर क्षेत्र का चैलेंज है। रचनात्मक मानसिकता और कला तथा आवश्यकता के सामंजस्य की क्षमता फुटवियर स्टाइलिस्ट के लिए काफी उपयोगी है।

फुटवियर स्टाइलिस्ट के लिए विभिन्न रोज़गार मौके

फुटवियर स्टायलिंग को सभी डिजाइन कॅरियर्स में सर्वाधिक तकनीकी दर्जा प्रदान किया गया है। इसकी शुरुआत पद्धतियों के रेखांकन की योजना एवं पैमाना, ड्राइंग्स में डिजाइनों के निर्माण के साथ होती है। इसके उपरांत नमूना प्रोटोटाइप्स के सृजन

और कार्यशीलता तथा सौंदर्य वृद्धि के लिए कार्य किया जाता है। यह चमड़े, कैनवास, लकड़ी, प्लास्टिक, पटशन, मेटल्स आदि के साथ किया जा सकता है। निर्मित फुटवियर की फिटिंग परफेक्ट होनी चाहिए, इसमें बदलाव की कोई संभावना नहीं होती है। इसके साथ ही आरामदायकता, सुरक्षा तथा गुणवत्ता मापदंड भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। फुटवियर स्टाइलिस्ट सोल, हील, ट्रिम और स्टाइलिंग से फुटवियर में नई स्टाइलिंग के सृजन में विशेषज्ञ होते हैं। फुटवियर स्टाइलिस्ट निम्न बातों का भी जानकर होता है- फैशन, रुझान और बाजार मांग, पैरों की संरचना, जूतों के निर्माण का तकनीकी अनुभव, विनिर्माण और निर्माण अनुभव, जूते बनाने के सांचों हील्स, सोल्स और ट्रिम्स का तकनीकी ज्ञान, चमड़े, कैनवास तथा अन्य सामग्रियां। ऐसे में फुटवियर स्टाइलिंग के क्षेत्र में तकनीकी, डिजाइनिंग तथा प्रबंधन में रोज़गार के अवसर विद्यमान हैं। इस क्षेत्र में जो प्रमुख रोज़गार क्षेत्र हैं, वे हैं- फुटवियर स्टाइलिस्ट, फुटवियर डिजाइनर, उत्पाद डेवलपर, उत्पाद विकास प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रक, फुटवियर प्रौद्योगिकीविद, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, योजना एग्जीक्यूटिव आदि। आज इस क्षेत्र में रीबॉक, लिबर्टी, एडीडास, बाटा, वुडलैंड, लखानी, रेड चीफ और ली कूपर जैसी बड़ी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बहुत अच्छे पैकेज के साथ प्लेसमेंट दिया जा रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की फुटवियर उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं के तहत आसान ऋण लेकर बड़े शहरों तक स्वरोज़गार के अच्छे अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं।

फुटवियर स्टाइलिंग एवं डिजाइनिंग से संबंधित विभिन्न कोर्स

फुटवियर स्टाइलिंग तथा फुटवियर डिजाइनिंग से जुड़े अनेक पाठ्यक्रम मध्यप्रदेश और देश के विभिन्न इंस्टीट्यूशन्स में उपलब्ध हैं। दसवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र फुटवियर स्टाइलिंग से जुड़े लघु अवधि के कोर्स कर सकते हैं। इस प्रकार के कोर्स प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम कहलाते हैं। फुटवियर स्टाइलिंग के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी भी विषय में स्नातक होना आवश्यक है। फुटवियर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम जो कि बी.टेक./एम.टेक. होते हैं, इन पाठ्यक्रमों में विज्ञान विषयों के छात्र प्रवेश ले सकते हैं। बी.टेक. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बारहवीं परीक्षा गणित विषय समूह से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम.टेक. में प्रवेश हेतु बी.टेक. डिग्री आवश्यक है। फुटवियर स्टाइलिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

सामान्यतः सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इंट्रेंस एक्जाम क्लीयर करना जरूरी है। फुटवियर स्टाइलिस्ट बनने के लिए आपके पास संगत डिग्री होना आवश्यक है। डिजाइन तथा तकनीकी कौशल के अध्ययन से जुड़ी डिग्री आपको फुटवियर इंडस्ट्री में कार्य करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगी। वाणिज्य मंत्रालय के तहत फुटवियर डिजाइन एवं डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा इस क्षेत्र में कई कोर्स चला रहा है। जिसकी न्यूनतम योग्यता बारहवीं है। निर्माण क्षेत्र में काम करने के लिए यह पाठ्यक्रम बहुत उपयोगी है। ऐसे में आप अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर उपयुक्त कोर्स का चयन करके फुटवियर के क्षेत्र में कॅरियर के अच्छे मौकों को मुट्ठियों में ले सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स में किस देश ने सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) कनाडा (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड (द) स्कॉटलैंड

2. विक्टर एक्सेलसन किस देश की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी हैं?
(अ) डेनमार्क (ब) सिंगापुर
(स) न्यूजीलैंड (द) आर्मेनिया

3. एशियन क्रिकेट काउंसिल का मुख्यालय किस देश में है?
(अ) मलेशिया
(ब) श्रीलंका
(स) अफगानिस्तान
(द) संयुक्त अरब अमीरात

4. कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी हैं?
(अ) नीरज चोपड़ा
(ब) एंडरसन पीटर्स
(स) अरशद नदीम
(द) जोहानेस वेटर

5. मेसुत ओजिल किस देश के दिग्गज फुटबॉलर हैं?
(अ) स्पेन (ब) बेल्जियम
(स) फ्रांस (द) जर्मनी

6. वर्ष 2023 में कौन-सा देश एफआईएच पुरुष हॉकी वर्ल्डकप की मेजबानी करेगा?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) बेल्जियम (द) द. कोरिया

7. ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए बैडमिंटन स्पर्धा में पहला पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) प्रकाश पादुकोण
(ब) साइना नेहवाल
(स) पीवी सिंधु
(द) किदांवी श्रीकांत

8. जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे?
(अ) रोहित शर्मा
(ब) विराट कोहली
(स) के.एल. राहुल
(द) शिखर धवन

9. कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में किस देश ने पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) मलेशिया

10. बैक स्ट्रोक और बटर फ्लाई टर्म किस खेल का हिस्सा है?
(अ) फुटबॉल
(ब) तीरंदाजी
(स) तैराकी
(द) इनमें से कोई नहीं

11. पुलेला गोपीचंद किस खेल के दिग्गज खिलाड़ी रह चुके हैं?
(अ) टेनिस (ब) निशानेबाजी
(स) शतरंज (द) बैडमिंटन

12. वर्ष 1982 में किस देश में एशियाई खेल आयोजित किए गए थे?
(अ) भारत (ब) जापान
(स) कतर (द) इंडोनेशिया

13. द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) इंग्लैंड
(स) श्रीलंका
(द) इनमें से कोई नहीं

14. वर्ष 2020 में डेनमार्क ओपन बैडमिंटन में महिला एकल चैम्पियन बनीं थीं?
(अ) साइना नेहवाल
(ब) ताई जू यिंग
(स) नोजोमी ओकुहारा
(द) अकाने यामागुची

15. वर्ष 2019 में किस देश ने सुल्तान अजलान शाह कप का खिताब जीता था?
(अ) भारत (ब) द. कोरिया
(स) मलेशिया (द) अर्जेंटीना

16. कैमरन स्मिथ किस देश के दिग्गज गोल्फर हैं?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) आयरलैंड
(स) इंग्लैंड (द) अमेरिका

17. वर्ष 2022 में इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के विजेता बने हैं?
(अ) डोमिनिक थिएम
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) मिलोस राओनिक
(द) टेलर फ्रिट्ज

18. उसैन बोल्ट ने एथेलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कुल कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) 10 (ब) 11
(स) 12 (द) 13

19. वर्ष 2020 में आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्डकप किस देश ने जीता था?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) वेस्टइंडीज (द) न्यूजीलैंड

20. अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ का मुख्यालय किस शहर में है?
(अ) मैड्रिड (ब) मेलबर्न
(स) लुसाने (द) लंदन

21. सूर्यकमार यादव आईपीएल में किस फ्रैंचाइजी के लिए खेलते हैं?
(अ) गुजरात टाइटंस
(ब) सनराइजर्स हैदराबाद
(स) मुंबई इंडियंस
(द) चेन्नई सुपर किंग्स

22. वर्ष 2018 में किस देश ने डेविस कप का खिताब जीता था?
(अ) रूस (ब) क्रोएशिया
(स) अमेरिका (द) स्वीडन

23. किस क्रिकेटर के नाम सबसे ज्यादा वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड है?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) ब्रायन लारा
(स) रिकी पोंटिंग
(द) वसीम अकरम

24. साक्षी मलिक किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) हॉकी (ब) निशानेबाजी
(स) मुक्केबाजी (द) कुश्ती

25. टोक्यो ओलिंपिक-2020 में किस देश ने हॉकी में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) नीदरलैंड (ब) अर्जेंटीना
(स) भारत (द) इंग्लैंड

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (द), 6. (अ), 7. (ब), 8. (स), 9. (ब), 10. (स), 11. (द), 12. (अ), 13. (ब), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (ब), 19. (अ), 20. (द), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

पशुपालन के क्षेत्र में केंद्र सरकार की योजनाएं

वित्तीय मदद मिलने से समृद्ध हो रहा है पशुपालन क्षेत्र

हमारा देश कृषि प्रधान देश है, क्योंकि हमारे यहां की अधिकांश आबादी आज भी कृषि पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर करती है। परंपरागत खेती के अलावा भारत जैसे विशालकाय देश में ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जिसे मजबूत बनाकर अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। उन्हीं क्षेत्रों में से एक क्षेत्र है पशुपालन। पशुधन क्षेत्र राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान के अलावा 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों को आजीविका उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाता है। पशुपालन और पशुपालकों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार कई योजनाएं और अलग से वित्तीय मदद कर रही हैं। रोज़गार और निर्माण के इस अंक में पशुपालन और पशुपालकों से जुड़ी कुछ अहम योजनाओं के बारे में जानकारी प्रकाशित की जा रही है।

देश में कुल कितने पशुधन हैं?

कृषि मंत्रालय के अनुसार देश में कुल 53 करोड़ से अधिक पशुधन हैं, जो भारत को दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शुमार करता है, जहां पशुधन संपदा न केवल संख्यात्मक है, बल्कि अनुवांशिक विविधता की दृष्टि से भी काफी समृद्धशाली है। पशुधन के अलावा देश में पक्षियों की बात की जाए, तो कुल 85 करोड़ पक्षी हमारे देश में हैं।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत पैकेज

आत्मनिर्भर भारत के पैकेज के तहत वर्ष 2020 में 15000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह राशि पशुपालन अवसंरचना कोश के तहत दी गई है, जिसका मुख्य लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती प्रदान करना है। धन का इस्तेमाल पशुपालन को बढ़ावा देने, पशुपालकों के हितों की रक्षा करने और पशुओं में किसी तरह की बीमारी या अन्य चुनौतियां आती हैं, तो इस्तेमाल किया जा सकता है। केंद्र सरकार आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसे महत्वकांक्षी उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रही है, जिसका मकसद भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है, फिर बात चाहे रक्षा क्षेत्र की हो, स्वास्थ्य क्षेत्र की, शिक्षा क्षेत्र की या कृषि क्षेत्र की हर दिशा में देश को आत्मनिर्भर बनाने की संकल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की है। उनका मानना है कि आत्मनिर्भर भारत का रास्ता आत्मनिर्भर गांव, आत्मनिर्भर कस्बा, आत्मनिर्भर जिलों से होकर गुजरेगा, ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पशुपालन मजबूती प्रदान कर सकता है और किसानों की आमदनी को भी बढ़ा सकता है।

राष्ट्रीय गोकुल योजना

स्वदेशी गोजातीय नस्लों को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित तथा विकसित करने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय गोकुल मिशन' (RGM) को दिसंबर 2014 में शुरू किया गया था। पशुपालन एवं डेयरी विभाग इसके माध्यम से किसानों को स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के प्रभावी विकास के उद्देश्य से हर संभव प्रयास कर रहा है। भारत की स्वदेशी गोजातीय नस्लें काफी पुष्ट हैं और यह देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आनुवंशिक क्षमता रखती हैं। इस मिशन के माध्यम से सुविधाओं का सम्पूर्ण उपयोग कर किसानों को अत्यधिक लाभ देने की कोशिश की जा रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के विस्तार और अधिक पहुंच के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत गोकुल ग्रामों की स्थापना की गई है। इस मिशन का लक्ष्य दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिए स्वदेशी नस्लों को संरक्षित एवं विकसित करना है। इस योजना के तहत एकीकृत स्वदेशी मवेशी केंद्र 'गोकुल ग्राम' की स्थापना के लिए धन आवंटित किया गया है। गोकुल ग्राम स्वदेशी नस्लों के विकास के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। गोकुल ग्रामों की स्थापना दो प्रकार के स्थानों पर की गई है पहला देशी प्रजनन इलाकों में और दूसरा शहरी

मवेशियों के आवास के लिए महानगरों के पास। शहरी मवेशियों के प्रबंधन के लिए महानगर शहरों के पास गोकुल ग्राम भी स्थापित किया जाएगा। महानगरीय गोकुल ग्राम, शहरी मवेशियों के आनुवंशिक उन्नयन पर केंद्रित होगा। इस मिशन के तहत स्वदेशी गायों की नस्ल लगातार बेहतर हो रही है और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। इस मिशन का लक्ष्य गिर, साहिवाल, राठी, लाल सिंधी तरह की स्वदेशी गायों के जाति वर्ग को बढ़ाना है। सरकार का लक्ष्य है कि पशुधन स्वस्थ और बेहतर स्थिति में हो, ताकि पशुपालकों को उनसे आर्थिक लाभ मिल सके। केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय पशुधन मिशन और पशुपालन अवसंरचना विकास कोष पशुधन मालिकों को पशु चारा की उपलब्धता बढ़ाने में भी सक्षम बनाता है।

पशु शेड योजना

कृषि कार्यों के साथ पशुपालन का कार्य बहुत पुराने समय से चलता आ रहा है। लेकिन देश में अधिकांश किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण वह पशुओं का पालन-पोषण उचित ढंग से नहीं कर पाते हैं। किसानों की इसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार मनरेगा पशु शेड योजना लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से पशुओं के रहने के लिए शेड का निर्माण करवाया जा रहा है। अब मनरेगा योजना में केवल ग्रामीण मजदूरी ही नहीं बल्कि गाय, भैंस, बकरी और मुर्गी पालन का व्यवसाय भी कर सकेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत पशु शेड योजना की शुरुआत की है, जिसे मनरेगा पशु शेड योजना के नाम से भी जाना जाता है। इसके जरिए अब ग्रामीण पशुपालकों को सरकार वित्तीय सहायता दे रही है। इस योजना का उद्देश्य गांव से पलायन रोकना और वहीं पर उन्हें रोज़गार से जोड़ना है। इसमें ये भी जोर दिया गया है कि महिलाओं की सहभागिता अधिक रहे। इसमें दो प्रकार से लाभ मिल रहा है, जिसमें 2 पशु वाले को पशु शेड के तहत भूमि पर शेड, नाद, फर्श एवं यूरिनल ट्रैक निर्माण पर उन्हें मनरेगा के माध्यम से 75 हजार रुपये तथा 4 पशु वाले लोगों को उक्त निर्माण कार्य के लिए एक लाख 16 हजार रुपये खर्च मिलते हैं।

राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम

सरकार द्वारा पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। इससे कृत्रिम गर्भाधान कर उन्हें पशु आधार के साथ टैग किया जाता है। यह टैग जानवरों को दी जाने वाली आदित्य पहचान है। इससे सरकार को जानवरों की नस्ल, आयु, लिंग और मालिक के विवरण जैसी सभी पहचान करने और विशिष्ट रूप से ट्रैक करने में सक्षम बनाती है। देश के 600 जिलों में, प्रति जिलों 20,000 गोवंशों के लिए राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को सरकार ने सितंबर 2019 में शुरू किया था। यह नस्ल सुधारने के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता वाला एक सबसे बड़ा कार्यक्रम है। दिसंबर 2021 तक 2.20 करोड़ मवेशियों को इसमें शामिल करते हुए, 2.6 करोड़ कृत्रिम गर्भाधान कराए जा चुके हैं और कार्यक्रम के तहत 1.4 करोड़ किसान लाभान्वित हो चुके हैं।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- इच्छुक दुग्ध किसानों के लिए एक बड़ी बाधा अपने स्थानीय क्षेत्रों से उच्च गुणवत्ता वाली बछिया या दुधारू पशुओं की खरीद में आने वाली मुश्किल है। इस समस्या को हल करने के उद्देश्य से 26 नवंबर, 2021 को नस्ल गुणन फार्म पोर्टल लॉन्च किया गया। इस पोर्टल पर इच्छुक निजी लोगों के अलावा उद्यमियों, एफपीओ, एसएचजी, एफसीओ, जेएलजी और धारा 8 कंपनियों से नस्ल गुणन फार्म के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जाते हैं।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 दिसंबर, 2021 को डेयरी मार्क लॉन्च किया, इस एकीकृत लोगो में 'उत्पाद-खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली-प्रक्रिया' प्रमाणन के लिए पहले संबंधित लोगो बीआईएस-आईएसआई मार्क एवं एनडीडीबी-गुणवत्ता मार्क और कामधेनु गाय की आकृति बनी हुई है। डेयरी मार्क होने से उपभोक्ता दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता के प्रति आश्वस्त होंगे।
- 10 सितंबर, 2020 को समग्र मवेशी नस्ल सुधार और किसानों के सीधे इस्तेमाल के लिये सूचना पोर्टल के रूप में ई-गोपाल एप का शुभारंभ किया था।
- पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) को रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मिलाकर एक योजना पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) बना दी गई है।
- भारत दुग्ध उत्पादक देशों में दुनिया में अग्रणी है सरकार का लक्ष्य है कि 2024-25 में दुग्ध उत्पादन बढ़कर 30 करोड़ मीट्रिक टन हो जाएगा, जो 2019-20 में 19.84 करोड़ मीट्रिक टन रहा था।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

रतलामी सेव के नाम से देशभर में पहचाना जाता है यह जिला

रतलाम, मध्यप्रदेश के उज्जैन संभाग का जिला है, जो राज्य के उत्तर पश्चिम भाग 'मालवा' क्षेत्र में स्थित है। इसका गठन 1 नवंबर, 1956 को किया गया था। यह जिला पूर्व में उज्जैन एवं आगर-मालवा, दक्षिण झाबुआ, उत्तर में मंदसौर तथा पश्चिम में राजस्थान राज्य से घिरा हुआ है।

रतलाम जिले का नाम यहां के पहले राजा रतनसिंह एवं उनके पुत्र रामसिंह के नाम के संयोग से बना है। इसे पूर्व में रतनराम और फिर रतराम भी कहा जाता था। रतलाम शहर की स्थापना ब्रिटिश भारत में कैप्टन बोर्थविक ने 1829 में चौड़ी सड़कों और अच्छी तरह से बने घरों के साथ की थी।

स्वतंत्रता के समय यह जिला भी एक रियासत थी और इसके आस-पास भी कई रियासतें थीं, जैसे कि रतलाम स्टेट, जावरा, सैलाना, पिपलोदा, देवास का कुछ भाग तथा ग्वालियर का कुछ भाग। इस प्रकार कई रियासतों को मिलाकर इस जिले का गठन किया गया तथा बाद में इसे मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत कर दिया गया था।

रतलाम में लौंग नमकीन सेव का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। यहां की सेव संपूर्ण भारत यहां तक कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। इसी कारण से रतलाम को नमकीन सेव की नगरी भी कहा जाता है। यहां की सेव को जीआई टैग भी मिल चुका है।

रतलाम जिला अंगूर उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी जिला है। जिले में मध्यप्रदेश का पहला अंगूर अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है। रतलाम जिले में माही, चंबल, करण, कनेरी नदियां प्रवाहित होती हैं।

इतिहास

रतलाम मध्य भारत में स्थापित पहले वाणिज्यिक शहरों में से एक था। 1872 में खंडवा तक रेलवे लाइन शुरू होने से पहले, यह एक व्यापार केंद्रित शहर था। यहां अफीम, तंबाकू और नमक का व्यापार केंद्र था।

रतलाम के शासक मूल रूप से मारवाड़ के राजकुमार और जागीरदार (रईस) थे। दलपत सिंह, जो मारवाड़ के राजा उदय सिंह के पुत्र थे, को बलहेड़ा, पिसांगन और खेरवा की जागीरें दी गईं। दलपत सिंह के पुत्र महेशदास राठौर को मुगल बादशाह शाहजहां ने अफगानिस्तान की पश्तून जनजातियों के खिलाफ उनके सफल अभियान के लिए जालोर की जागीर दी थी। महेशदास राठौर के बेटे रतन सिंह ने अफगानिस्तान में मुगल सेनापति के रूप में अपने पिता की विरासत को जारी रखा।

शाहजहां ने खुरासान में फारसियों और कंधार में उजबेकों के खिलाफ दिखाई गई बहादुरी के लिए रतन सिंह को धार का महाराजा बनाया। साथ ही धारड़, रावती, धामनोद, बदनावर, दगपरवा, आलोट, टिट्रोड, कोटरी, गडगुचा, आगर, नाहरगढ़, कनार, भिलारा और रामधरिया के परगने दिए। इस प्रकार महाराजा रतन सिंह ने 1652 में (रतलाम राज्य के पूर्ववर्ती) धारद राज्य की स्थापना की। बाद में रतन सिंह के पुत्रों ने मालवा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में शासन किया। रतलाम राज्य, सैलाना राज्य और सीतामऊ राज्य के शासक, राजा रतन सिंह के वंशज थे।

अर्थव्यवस्था

रतलाम जिले में अधिकांश काली मिट्टी पाई जाती है। जिले में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों में सोयाबीन, गेहूं, मक्का, चना, कपास, लहसुन, प्याज, मटर, अमरूद, अनार, अंगूर और अफीम शामिल हैं।

रतलाम में कई उद्योग हैं, जो सूती कपड़े , तांबे के तार, प्लास्टिक की रस्सियों, रसायनों सहित अन्य उत्पादों का निर्माण करते हैं। रतलाम सोने, सेव, साड़ी और हस्तशिल्प के लिए भी बहुत प्रसिद्ध है। यहां नमकीन निर्माण और सोने की कारीगरी के लिए कई इकाईयां कार्यरत हैं। रेलवे का जंक्शन होने के कारण यहां आवागमन की सुगमता ने जिले में व्यापार के अवसरों को बढ़ाकर यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है।

रतलाम जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- उज्जैन
3. जिला मुख्यालय- रतलाम
4. क्षेत्रफल- 4861 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 1,455,069
6. लिंग अनुपात- 971
7. जनघनत्व- 299 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 66.8 प्रतिशत
9. तहसीलें- 9 (जावरा, पिपलोदा, आलोट, ताल, सैलाना, रावटी, बाजना, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर)
10. विकासखंड- 5
11. ग्राम पंचायत- 418
12. ग्राम- 1089
13. नगर परिषद- 7
14. नगर पालिका- 1
15. नगर निगम- 1
16. विधानसभा क्षेत्र- 5 (रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट, जावरा)
17. भाषा एवं बोली- हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- रतलाम शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर सैलाना का कैक्टस गार्डन अपनी करीब 1200 से अधिक कैक्टस की प्रजातियों के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। इसका निर्माण सैलाना के महाराज दिग्विजय सिंह ने कराया था। वह 1958 में जर्मनी की यात्रा पर गए थे और वहां उन्होंने कैक्टस देखे और उसके दीवाने हो गए। उसके बाद उन्होंने सैलाना में इसका बगीचा बनाने की ठानी और विदेशों से कैक्टस के पौधे बुलाकर यह गार्डन तैयार करवा लिया।
- जिले में सैलाना अभ्यारण्य भी हैं, जिसमें खरमोर पक्षी को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।
- जिले में स्थित विबड़ौद तीर्थ जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक है। मंदिर में आदिनाथ भगवान की करीब 2.49 फीट ऊंची प्रतिमा है। माना जाता है कि 13वीं शताब्दी से पहले भी यह मंदिर अस्तित्व में रहा है। आलोट का श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ भी जैन धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख तीर्थ स्थान है।
- रतलाम के करीब स्थित बिलपांक ग्राम में 11वीं सदी का प्रसिद्ध विरुपाक्ष महादेव मंदिर गुर्जर चालुक्य शैली (परमार कला के समकालीन) का मनमोहक उदाहरण है। वहां के स्तम्भ और शिल्प सौंदर्य इस काल के चरमोत्कर्ष को दर्शाते हैं। मंदिर से गुजरात के चालुक्य नरेश सिद्धराज जयसिंह संवत् 1196 का शिलालेख प्राप्त हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि महाराजा सिद्धराज जयसिंह ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था।
- रतलाम जिले का जावरा ब्रिटिशकाल में देश की एक रियासत था। यहां स्थित हुसैन टेकरी को 100 साल पहले नवाब मोहम्मद इस्माइल अली खां की रियासत में स्थापित किया गया था। यहां सभी धर्मों के श्रद्धालु आते हैं।
- रतलाम जिले में गंगासागर तालाब, कालिका माता मंदिर, लोटस मंदिर, सौगोद जैन मंदिर, धोलावड़ बांध आदि प्रमुख अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

श्रीलंका से हारकर एशिया कप से बाहर हुआ भारत

दुबई, एशिया कप में भारतीय क्रिकेट टीम का सफर खत्म हो गया है। टूर्नामेंट के सुपर फोर राउंड में श्रीलंका ने भारत को 6 विकेट से हराया। इससे पहले पाकिस्तान के हाथों भी भारत को 5 विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। इस हार के बाद भारत खिताब की दौड़ से बाहर हो गया है।

दुबई में खेले गए सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। श्रीलंका के गेंदबाजों ने के.एल. राहुल (6) और विराट कोहली (0) को जल्द आउट कर भारत को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा (72) और सूर्यकुमार यादव (34) ने भारतीय पारी को संभाला। इनके बाद हार्दिक पांड्या (17), ऋषभ पंत (17) और रविचंद्रन अश्विन (15) ने उपयोगी पारी खेल भारत को 20 ओवरों में 173 रन तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की शुरुआत शानदार रही। सलामी बल्लेबाज पथुम निशांका और कुशल मेंडिस ने पहले विकेट के लिए 67 गेंदों में 97 रनों की साझेदारी की। निशांका ने 52 तथा मेंडिस ने 57 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए 13 रन के अंदर 4 विकेट झटकर श्रीलंका को दबाव में ला दिया, लेकिन भानुका राजपक्षे (25) और दसुन शनाका (33) ने 34 गेंदों में 64 रनों की साझेदारी कर मैच पर कब्जा किया।

खराब टीम चयन

टूर्नामेंट में भारत के बाहर होने की सबसे बड़ी वजह टीम का चयन खराब होना रहा। चयनकर्ताओं ने टीम चयन में गेंदबाजी संतुलन खराब रखा। टीम में तीन तेज गेंदबाज चुने गए, जबकि चार स्पिनर चुने गए। टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर, आवेश और अर्शदीप को चुना गया। आवेश के चोटिल होने के बाद टीम की प्लेइंग इलेवन में महज दो गेंदबाज रह गए।

भुवनेश्वर का प्रदर्शन

टीम में तेज गेंदबाजी की कमान भुवनेश्वर कुमार के हाथों रही। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच को छोड़ दें, बीच के दो मैचों में भुवनेश्वर प्रभावहीन नजर आये। सुपर फोर राउंड में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ लक्ष्य का बचाव करते हुए भुवनेश्वर ने 19वां ओवर फेंका। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 19वें ओवर में 19 रन तथा श्रीलंका के खिलाफ 14 रन खर्च किए। दोनों मैचों में भुवनेश्वर ने अंतिम ओवर में अर्शदीप के लिए महज 7 रन छोड़े।

पंत का लापरवाह खेल

टूर्नामेंट में सुपर फोर राउंड में ऋषभ पंत को दिनेश कार्तिक की जगह बतौर विकेटकीपर खेलने का मौका मिला। लेकिन पंत हमेशा की तरह लापरवाह खेल खेलते नजर आए। पंत ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 तथा श्रीलंका के खिलाफ 17 रन बनाए और आसानी से अपना विकेट गवां दिया। वहीं बतौर विकेट कीपर भी पंत का प्रदर्शन कार्तिक के मुकाबले साधारण रहा।

विश्वकप की उम्मीदों को झटका

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले एशिया कप को भारतीय टीम की तैयारियों के हिसाब से आसान माना जा रहा था, लेकिन एशिया कप की हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा है। भारतीय टीम द्विपक्षीय सीरीज में तो बढ़िया प्रदर्शन करती है, लेकिन मल्टी नेशनल टूर्नामेंट में टीम का प्रदर्शन लचर रहा है।

कल्याण चौबे बने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष

नई दिल्ली, पूर्व फुटबॉलर कल्याण चौबे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नये अध्यक्ष बन गये हैं। एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिये चुनाव में कल्याण ने पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया को हराया। कल्याण को 34 में से 33 वोट मिले, जबकि भूटिया को महज एक वोट मिला। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना गया है। वे पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल की जगह लेंगे। कल्याण चौबे मोहन बागान और ईस्ट बंगाल क्लब के लिये गोलकीपिंग कर चुके हैं। उन्होंने घरेलू स्तर पर काफी फुटबॉल खेला, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मौका नहीं मिला।

मैक्स वर्स्टापेन ने डच ग्रांप्री पर किया कब्जा

जेंडवूर्ट, फॉर्मूला-वन सर्किट पर शानदार प्रदर्शन कर रहे मैक्स वर्स्टापेन ने डच ग्रांप्री रेस का खिताब भी अपने नाम किया है। रेडबुल टीम के वर्स्टापेन ने 72 लैप की इस रेस को एक घंटा 36 मिनट और 42.773 सेकेंड में पूरा किया। रेस में मर्सिडीज के कार रेसर जॉर्ज रसेल दूसरे, चार्ल्स लेकलर्क तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे तथा सर्जियो पेरेज पांचवें स्थान पर रहे। वर्स्टापेन ने इस सत्र में दसवीं रेस जीती है। उन्होंने पिछली चार रेस लगातार अपने नाम की हैं। इस सत्र में अब सात रेस बची हैं।

टियाफो ने यूएस ओपन में नडाल को हराकर किया उलटफेर

न्यूयॉर्क, अमेरिका के युवा टेनिस खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो ने वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए दिग्गज खिलाड़ी और खिताब के प्रबल दावेदार राफेल नडाल को बाहर का रास्ता दिखा दिया। टूर्नामेंट के चौथे राउंड में टियाफो ने नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इस हार के साथ नडाल की इस वर्ष तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की उम्मीद खत्म हो गई। टियाफो, एंडी रॉडिक (वर्ष 2006) के बाद यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। नडाल पर जीत दर्ज करने के बाद टियाफो ने कहा कि नडाल विश्व के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं।

ट्वेंटी-20 विश्वकप में बावुमा करेंगे दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने आगामी आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिए टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान बल्लेबाज टेंबा बावुमा को सौंपी गई है। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज रासी वान डर डूसेन चोट के चलते विश्वकप से बाहर हो गए हैं, डूसेन की जगह बल्लेबाज रीली रोसो को टीम में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि विश्वकप के लिए चुनी गई टीम सितंबर में भारत का दौरा भी करेगी। इस दौरे पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जाएगी। टीम में बावुमा के अलावा क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्क्रम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नार्त्जे, वेन पार्नेल, ड्वाइन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, रीली रोसो, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स को जगह मिली है।

न्यूजीलैंड के कॉलिन डि ग्रैंडहोम ने क्रिकेट को कहा अलविदा

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड के अनुभवी ऑलराउंडर कॉलिन डि ग्रैंडहोम ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। ग्रैंडहोम ने लगातार चोटिल रहने और पारिवारिक कारणों से क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। ग्रैंडहोम ने कहा कि मुझे ब्लैक कैप्स (न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम) की ओर से खेलने का मौका मिला। मुझे अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर पर गर्व है। मुझे लगा यह रिटायर होने का सबसे सही समय है।

फरवरी, 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाले ग्रैंडहोम न्यूजीलैंड के बेहतरीन ऑलराउंडर रहे हैं। ग्रैंडहोम ने अपने कॅरियर का आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच जून, 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ (टेस्ट) खेला था। ग्रैंडहोम ने 29 टेस्ट मैचों में 1432 रन बनाये तथा 49 विकेट लिये हैं। ग्रैंडहोम ने 45 वन-डे और 41 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। ग्रैंडहोम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाली न्यूजीलैंड टीम के सदस्य भी हैं।

मुश्फिकुर रहीम ने लिया संन्यास

बांग्लादेश के दिग्गज विकेट कीपर और पूर्व कप्तान मुश्फिकुर रहीम ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। रहीम ने यह फैसला एशिया कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद किया है। रहीम ने ट्विटर पर संन्यास की घोषणा करते हुये लिखा कि मैं ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास का ऐलान करता हूं। मैं अब अपना फोकस सिर्फ टेस्ट और वन-डे क्रिकेट पर लगाना चाहता हूं। मैं अब दो फॉर्मेट (टेस्ट और वन-डे) में देश का प्रतिनिधित्व करता रहूंगा।

ट्रेंट रॉकेट्स ने जीता द हंड्रेड लीग का खिताब

लॉर्ड्स, इंग्लैंड की लोकप्रिय घरेलू लीग द हंड्रेड का खिताब ट्रेंट रॉकेट्स ने जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में ट्रेंट रॉकेट्स ने मैनचेस्टर ओरिजनल्स को 2 विकेट से हराया। मैच में मैनचेस्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 100 गेंदों में 9 विकेट खोकर 120 रन बनाये। मैनचेस्टर के लिये एश्टन टर्नर ने 26 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में ट्रेंट रॉकेट्स ने दो गेंद शेष रहते दो विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। ट्रेंट रॉकेट्स के लिये डेविड मलान (19), टॉम कोहलर (18) तथा लुईस ग्रेगोरी (17) ने उपयोगी पारियां खेलीं। मैच में चार विकेट लेने वाले सैम कुक प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। वहीं महिला वर्ग में द हंड्रेड लीग का खिताब ओवल इंविंसिबल ने जीता। ओवल ने फाइनल में सदर्न ब्रेव को 5 विकेट से हराया।

जापान ओपन

केंटा निशिमोटो पहली बार बने चैम्पियन

ओसाका, जापान के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी केंटा निशिमोटो ने जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया। निशिमोटो ने पहली बार इस खिताब पर कब्जा जमाया है। निशिमोटो ने जापान ओपन में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को 21-19, 21-23, 21-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

रोमांचक रहा फाइनल

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों खिलाड़ी काफी अनुभवी थे, ऐसे में उनसे रोमांचक फाइनल की उम्मीद थी, दोनों ने ऐसा ही प्रदर्शन किया। मैच के पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में निशिमोटो ने 21-19 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। दूसरे गेम में एक समय दोनों खिलाड़ी 21-21 की बराबरी पर थे। आखिरी समय में चोऊ टिएन चेन

ने लगातार दो पॉइंट अर्जित कर यह गेम 23-21 से जीता। तीसरे गेम में एक बार फिर केंटा निशिमोटा भारी नजर आए। निशिमोटो ने यह गेम 21-17 से अपने नाम कर खिताब जीता।

महिला वर्ग में यामागुची चैम्पियन

जापान ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जापान की अकाने यामागुची ने जीता। यामागुची ने फाइनल में दक्षिण कोरिया की आन से यंग को आसानी से हराया। यामागुची के सामने आन से यंग पूरी तरह लयहीन नजर आईं। यामागुची ने पहले गेम में यंग को 21-9 से हराया। हालांकि दूसरे गेम में आन से यंग ने वापसी की कोशिश की लेकिन वे यामागुची को टक्कर नहीं दे सकीं। यामागुची ने दूसरा गेम 21-15 से अपने नाम किया।

- केंटा निशिमोटो के बैडमिंटन कॅरियर का यह पहला खिताब है।
- निशिमोटो इस वर्ष थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली जापानी टीम के सदस्य थे।
- अकाने यामागुची ने तीसरी बार जापान ओपन जीता है।
- यामागुची वर्ष 2013 और 2019 में भी जीत चुकी है जापान ओपन।
- यामागुची ने इस वर्ष विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

नेशंस कप में भारतीय हॉकी टीम का ड्रॉ घोषित

वेलेंसिया, भारतीय महिला हॉकी इस वर्ष नेशंस कप में हिस्सा लेगी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने पहली बार खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का शेड्यूल घोषित कर दिया है। यह टूर्नामेंट स्पेन के वेलेंसिया में 11 से 17 दिसम्बर, 2022 तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत कनाडा के खिलाफ करेगी। टूर्नामेंट में आठ देशों की महिला हॉकी टीमें शिरकत करेंगी। इन टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में आयरलैंड, स्पेन, इटली और दक्षिण कोरिया को रखा गया है, जबकि ग्रुप-बी में भारत और कनाडा के अलावा जापान और दक्षिण अफ्रीका को रखा गया है। भारत 11 दिसम्बर को कनाडा, 12 दिसम्बर को जापान तथा 14 दिसम्बर को दक्षिण अफ्रीका से ग्रुप मुकाबले खेलेगा। यह टूर्नामेंट जीतने वाली टीम एफआईएच प्रो लीग-2023-24 के लिये क्वालिफाई करेगी।

हांगकांग ओपन और मकाऊ ओपन किये गये रद्द

क्वालालंपुर, विश्व बैडमिंटन महासंघ (वीडब्ल्यूएफ) ने हांगकांग ओपन सुपर 500 तथा मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट्स को रद्द करने का फैसला किया है। वीडब्ल्यूएफ ने यह फैसला कोरोना महामारी से जुड़े प्रतिबंधों को देखते हुये किया है। वीडब्ल्यूएफ ने कहा कि इन दोनों देशों के बैडमिंटन संघों को बता दिया गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में इन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना संभव नहीं है। वीडब्ल्यूएफ ने बताया कि मकाऊ ओपन तथा हांगकांग ओपन नवम्बर 2022 में आयोजित किये जाने थे।

धोनी अगले सत्र तक बने रहेंगे चेन्नई के कप्तान

चेन्नई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी आईपीएल में अगले सत्र तक चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने रहेंगे। टीम प्रबंधन ने घोषणा की है कि धोनी टीम का नेतृत्व करते रहेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स फ्रैंचाइजी के सीईओ ने बताया कि महेन्द्र सिंह धोनी आईपीएल के अगले सत्र में टीम की कमान संभालेंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। धोनी आईपीएल की शुरुआत (वर्ष 2008) से ही चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। धोनी ने आईपीएल-2022 से पहले कप्तानी से हटने का फैसला किया था, जिसके बाद रविन्द्र जडेजा को कप्तानी सौंपी गई थी, लेकिन जडेजा की कप्तानी फ्लॉप रही और 8 मैच के बाद धोनी ने फिर से टीम की कमान संभाली। धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने चार बार वर्ष 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता है।

सुरेश रैना ने घरेलू क्रिकेट से भी लिया संन्यास

लखनऊ, भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। रैना ने कहा कि मैं घरेलू और आईपीएल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करता हूं। रैना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रैना देश-विदेश में खेली जाने वाली विभिन्न ट्वेंटी-20 लीगों में खेलने के योग्य हो गए हैं। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार विदेशी लीग में भारत या घरेलू स्तर पर सक्रिय खिलाड़ी नहीं खेल सकते हैं, ऐसे में रैना को विदेशी ट्वेंटी-20 लीग में खेलने के लिए क्रिकेट से पूरी तरह से संन्यास लेना जरूरी था। माना जा रहा है कि रैना दक्षिण अफ्रीका की घरेलू ट्वेंटी-20 लीग में खेलते नजर आ सकते हैं। इससे पहले रैना भारत में खेली जाने वाली रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में भी खेलेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय का निधन

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 8 सितम्बर 2022 को निधन हो गया। वह पिछले कुछ वक्त से बीमार थीं। 96 साल

21 अप्रैल 1926 से 08 सितम्बर 2022

की महारानी स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में रह रही थीं। यहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। वे सबसे लंबे समय तक तकरीबन 70 साल ब्रिटेन की क्वीन रहीं।

अब प्रिंस विलियम 40 साल की उम्र में ब्रितानी सिंहासन के उत्तराधिकारी बन गये हैं। उनके पिता 73 वर्षीय प्रिंस चार्ल्स अब किंग हो गये हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

अगले 25 वर्षों के अमृतकाल में दोनों देश की दोस्ती ऊंचाइयां छुएगी : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भारत यात्रा पर आईं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच हैदराबाद हाउस में

- **भारत-बांग्लादेश ने रेलवे कनेक्टिविटी और आईटी प्रौद्योगिकी में सहयोग, कुशियारा नदी जल बंटवारा, न्यायिक सेवाओं में क्षमता निर्माण सहयोग, वैज्ञानिक और अनुसंधान सहयोग, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में सहयोग और प्रसार भारती तथा बांग्लादेश टेलीविजन के बीच सहयोग से जुड़े सात समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।**



द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया और दोनों देशों के बीच हुए करारों का आदान-प्रदान किया गया। भारत और बांग्लादेश के बीच कुशियारा नदी के जल बंटवारे सहित सात करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी और शेख हसीना ने संयुक्त तौर पर मैत्री सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट की यूनिट-I का अनावरण किया। इसे भारत की रियायती वित्त पोषण योजना के तहत निर्मित किया जा रहा है। यह परियोजना बांग्लादेश के राष्ट्रीय ग्रिड में 1320 मेगावाट जोड़ देगी। इसके अलावा मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने, दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क बढ़ाने और क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को सुगम बनाने के लिए दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से 5.13 किलोमीटर के रूपा रेल पुल का उद्घाटन किया। यह 64.7 किलोमीटर खुलना-मोंगला पोर्ट ब्रॉडगेज रेल परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्री मोदी ने अपने भाषण में कुशियारा नदी जल बंटवारे को लेकर हुए महत्वपूर्ण समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भारत में दक्षिणी असम और बांग्लादेश में सिलहट क्षेत्र को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी 54 नदियां हैं, जो भारत-बांग्लादेश सीमा से गुजरती हैं और सदियों से दोनों देशों के लोगों की आजीविका से जुड़ी रही हैं। यह नदियां, इनके बारे में लोक कहानियां, लोकगीत, हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत के भी साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास भागीदार है और क्षेत्र में हमारा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों में भी निरंतर वृद्धि हुई है। पूरा विश्वास है कि अगले 25 सालों के अमृतकाल में भारत-बांग्लादेश मित्रता नई ऊंचाइयां छुएगी।

समझौतों और करारों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने आईटी, अंतरिक्ष और नाभिकीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने का निश्चय किया है। हमारी युवा पीढ़ी इसमें रुचि रखती है। हम जलवायु परिवर्तन और सुंदरबन जैसी साझा धरोहर को संरक्षित रखने पर भी सहयोग जारी रखेंगे। हमने आतंकवाद और कट्टरवाद के खिलाफ सहयोग पर भी जोर दिया। 1971 की भावना को जीवंत रखने के लिए भी यह बहुत आवश्यक है कि हम ऐसी शक्तियों का मिलकर मुकाबला करें, जो हमारे आपसी विश्वास पर आघात करना चाहती हैं।

लिज ट्रस ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनीं

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने लिज ट्रस को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ट्रस ने बोरिस जॉनसन का स्थान लिया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद ट्रस ने अपनी कैबिनेट का गठन किया। भारतवंशी सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री बनाया गया है। सुएला ने भारतीय मूल की ही प्रीति पटेल का स्थान लिया है, जो बोरिस जॉनसन की सरकार में गृह मंत्री थीं।

ट्रस ने घाना मूल के क्वासी क्वार्टेंगो को वित्त मंत्री बनाया है। पूर्व की जॉनसन सरकार में भारतीय मूल के ऋषि सुनक वित्त मंत्री थे। ट्रस सरकार में फिलहाल सुनक को जगह नहीं मिली है। क्वासी के माता-पिता 1960 के आसपास घाना से ब्रिटेन आए थे। वह ब्रिटेन के पहले अश्वेत वित्त मंत्री हैं। जेम्स वलेवर्ली विदेश मंत्री बने हैं। वह भी ब्रिटेन के पहले अश्वेत विदेश मंत्री हैं। उनकी मां सिएरा लियोन की अश्वेत और पिता श्वेत थे। ट्रस ने थेरेसा काफी को उपप्रधानमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया है। यह पहला मौका है जब ब्रिटेन की सरकार में शीर्ष चार पदों पर किसी श्वेत पुरुष को जगह नहीं मिली है। ज्ञात रहे कि बोरिस जॉनसन ने महारानी को इस्तीफा सौंपा था। इसके बाद ट्रस (47) ने स्कॉटलैंड के एबर्डीनशायर में बाल्मोरल कैसल स्थित आवास पर जाकर महारानी से मुलाकात की। ट्रस महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के शासनकाल में देश की 15वीं प्रधानमंत्री हैं।

रूस में अमेरिका के राजदूत सुलिवन सेवा मुक्त हुए

रूस में अमेरिका के राजदूत जॉन सुलिवन करीब तीन साल तक इस पद पर सेवाएं देने के बाद सरकारी सेवा में अपने

लंबे करियर से सेवानिवृत्त हो गए।

सुलिवन ऐसे समय में सेवा मुक्त हुए हैं, जब यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण पैदा हुआ गंभीर खतरा बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, "सुलिवन ने रूस में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में से एक का अप्रत्याशित समय में प्रबंधन किया।"

रेलवे

रेल लाइन के किनारे स्थित गांवों में देगा ब्रॉडबैंड सेवा

रेलवे लाइन के किनारे के गांवों में हाई स्पीड ब्रॉडबैंड शुरू करने जा रहा है। रेलवायर ब्रॉडबैंड के नाम से यह सेवा

- **दूरस्थ क्षेत्रों में मिल सकेगी इंटरनेट सेवा, रेलवे को होगी अतिरिक्त आय।**
- **तमिलनाडु में एक लाख कनेक्शन होने के बाद किया जा रहा विस्तार।**
- **रेलवे की संचार व्यवस्था देखने वाली रेलटेल कंपनी शुरू करेगी यह सेवा।**

रेलवे की रेलटेल कंपनी के अधीन काम करेगी। इसके लिए तीन प्लान भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें स्पीड का अंतर होगा, लेकिन इंटरनेट अनलिमिटेड होगा।

गांव-गांव फोन सेवा शुरू कराने के बाद भी हाई स्पीड इंटरनेट सेवा कई क्षेत्रों में शुरू नहीं हो सकी है। तमिलनाडु में पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसे शुरू किया गया। रेलटेल के प्रबंध निदेशक ने एक पत्र में बताया है कि तमिलनाडु में एक लाख लोगों ने ब्राडबैंड कनेक्शन लिया है। अब अन्य राज्यों में भी यह सेवा शुरू की जा रही है। मुरादाबाद रेल मंडल में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। कनेक्शन देने और लाइन की देखरेख के लिए संविदा पर दो वेंडर भी तैनात कर दिए गए हैं। अन्य की तैनाती की प्रक्रिया चल रही है।

इसके पीछे रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस सेवा से दूरस्थ स्थानों में भी ब्रॉडबैंड सेवा मिल जाएगी। रेलवे को भी अतिरिक्त आय होगी। इसके लिए आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

युद्धग्रस्त यूक्रेन के परमाणु संयंत्र में तनावपूर्ण स्थिति बरकरार

यूक्रेन में स्थित यूरोप के सबसे बड़े जपोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में लगातार स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

- **रूसी सेना ने यूक्रेनी बलों पर संयंत्र में उकसाने वाली कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।**
- **रूसी मंत्रालय के अनुसार यूक्रेनी बलों ने दो बार निकटवर्ती शहर एनेरहोदार पर भी गोलाबारी की।**

संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षक ने रूसी हमले के कारण संकट में आए यूक्रेनी स्थल पर संभावित आपदा को टालने के अपने प्रयासों पर विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि कीव के बलों ने ड्रोन से संयंत्र के क्षेत्र को निशाना बनाया, लेकिन रूसी बल इस ड्रोन को गिराने में कामयाब रहे।

ज्ञात रहे कि क्रेमलिन के बलों ने मार्च की शुरुआत में इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर संयंत्र को खतरे में डालने का आरोप

लगाया है। संयंत्र में यूक्रेनी कर्मियों ने काम जारी रखा है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के विशेषज्ञों ने एक खतरनाक अभियान के तहत पिछले सप्ताह संयंत्र तक पहुंचने के लिए युद्ध क्षेत्र से यात्रा कर रिपोर्ट तैयार की है। यूक्रेन के सरकारी परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालक एनेरगोएटम ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी के छह में से चार निरीक्षकों ने अपना काम पूरा कर लिया है और वह स्थल से चले गए हैं।

एनेरगोएटम ने बताया कि दो विशेषज्ञ संभवतः स्थायी रूप से संयंत्र में रहेंगे।

रूस ने उत्तर कोरिया का थामा हाथ

यूक्रेन युद्ध में रूस के हथियारों का जखीरा खाली हो गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की शरण में पहुंचे हैं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हथियारों की डील पर यह बड़ा खुलासा किया है। इससे पहले रूस ने ईरान के साथ ड्रोन विमान खरीदने का सौदा किया था। ईरानी ड्रोन अब रूस पहुंचने भी लगे हैं।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि रूस अब अलग-थलग पड़े उत्तर कोरिया की शरण में पहुंचा है। रूस का किम जोंग की शरण में जाना यह बताता है कि यूक्रेन की जंग में रूसी सेना को बड़े पैमाने पर हथियारों की सप्लाई की कमी का सामना करना पड़ा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि रूस के खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगे हुए हैं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी के अधिकारियों का अनुमान है कि रूस आने वाले समय में उत्तर कोरिया से और ज्यादा हथियार खरीद सकता है।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि रूस अभी उत्तर कोरिया से कितना हथियार खरीदना चाहता है। यह खुलासा ऐसे समय पर हुआ है जब बाइडेन प्रशासन ने इस बात की पुष्टि की है कि रूसी सेना ने ईरान से ड्रोन विमान खरीदे हैं ताकि उनका यूक्रेन की जंग में इस्तेमाल किया जा सके। रूस ईरान से सैकड़ों ड्रोन विमान खरीदना चाहता है। अमेरिका के साथ तनाव के बीच उत्तर कोरिया इन दिनों रूस के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करने में जुट गया है।

- **रूस अब उत्तर कोरिया से बड़ी मात्रा में रॉकेट और तोप के गोले खरीद रहा है।**

उत्तर कोरिया ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वह अपने मजदूरों को रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेन के दोनबास इलाके में निर्माण कार्य के लिए भेजने की इच्छा रखता है। रूस में उत्तर कोरिया के राजदूत ने दोनबास इलाके में रूसी प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। रूस और सीरिया के बाद उत्तर कोरिया एकमात्र देश है जिसने यूक्रेन के लुहांस्क और दोनेट्स्क की आजादी को मान्यता दी है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।